चैत्र शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 307 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
23 अप्रैल 2024 मंगलवार

आज का मौसम
37 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



हनुमान जयंती आज

# 5वीं का 90.97 और 8वीं का 87.71 प्रतिशत रिजल्ट

## आरएसके ने जारी किए बोर्ड पैटर्न पर आयोजित परीक्षा के परिणाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेशभर के निजी, सरकारी स्कूलों सहित मदरसों में बोर्ड पैटर्न पर आयोजित कक्षा पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम मंगलवार को राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही दोनो कक्षाओं के 23 लाख 71 हजार 75 विद्यार्थियों का इंतजार खत्म हुआ। कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम 90.97 प्रतिशत और 8वीं का 87.71 प्रतिशत रहा। दोनो कक्षाओं को मिलाकार 21 लाख 19 हजार 873 विद्यार्थी पास हुए हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सोमवार को भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र सभागार में दोनो कक्षाओं के परीक्षा परिणाम जारी किए। प्रारंभिक स्तर पर बोर्ड पैटर्न परीक्षा आयोजित करने वाला मध्यप्रदेश देशभर में अग्रणी राज्य के रूप में पहचाना जाता है। परीक्षा परिणाम आरएसके की वेबसाइट पर भी देखा जा सकेगा।

## दोनों कक्षाओं में शामिल हुए थे 23.71 लाख विद्यार्थी, 2.51 लाख हुए फेल

### शहरी के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर परिणाम

शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का परिणाम बेहतर रहा है। कक्षा पाचवीं में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का 92.60 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा है। यहां 9 लाख 20 हजार 123 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 8 लाख 52 हजार 55 विद्यार्थी पास हुए हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों के स्कूलों का परिणाम 86.19 प्रतिशत है। यहां 3 लाख 13 हजार 565 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 2 लाख 70 हजार 265 विद्यार्थी पास हुए हैं। वहीं कक्षा आठवीं में ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का परिणाम 88.35 प्रतिशत रहा है। यहां 8 लाख 19 हजार 232 विद्यार्थियों में से 7 लाख 23 हजार 823 विद्यार्थी पास हुए हैं। वहीं शहरी क्षेत्रों का परीक्षा परिणाम 86.4 प्रतिशत रहा है।

### बेहतर परिणाम वाले दस जिले-

कक्षा पांचवी में बेहतर परिणाम वाले दस जिलों में नरसिंहपुर, डिंडोरी, मंडला, अनूपपुर, अलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सीहोर झाबुआ, शहडोल, बुरहानपुर शामिल हैं। वहीं आठवीं में भी नरसिंहपुर अव्वल है। इसके अलावा अलीराजपुर, झाबुआ, सीहोर, अनूपपुर, बड़वानी, डिंडोरी, मंडला, छिंदवाड़ा, बुरहानपुर का बेहतर प्रदर्शन रहा है।

## दूसरे चरण की सरगर्मी के बीच तीसरे चरण की सीट पर भाजपा का अतिरिक्त जोर

# पीएम का यूनिक प्रयोग अब भोपाल में, सीएम बोले अन्य पार्टी भी सीखें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में भोपाल सीट के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो चर्चा में हैं,कल शाम इस रोडशो के लिए भाजपा जोरदार तैयारी में है। भाजपा के गढ में यह रोड शो भाजपा द्वारा अपने उम्मीदवार आलोक शर्मा के लिये 'अतिरिक्त जोर' लगाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। इसे लेकर आज सीएम मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रोड शो के तौर पर मौन रह कर वोट की अपील का'यूनिक'प्रयोग शुरु किया है और राजधानी भोपाल में कल होने वाले उनका रोड शो बेहद भव्य और ऐतिहासिक होने वाला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का कल का राज्य का प्रवास पिछले दिनों में उनका पांचवां प्रवास होगा। इसके साथ ही राज्य में सर्वाधिक आने वाले प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड उनके नाम पर बनने जा रहा है। उनके नेतृत्व में राज्य को लगभग सवा लाख करोड़ रुपए की सौगातें मिली हैं। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री सात अप्रैल को जबलपुर, नौ को बालाघाट, 14 को नर्मदापुरम, 19 को दमोह और अब कल पांचवीं बार राज्य में आ रहे हैं। कल उनकी सागर और हरदा में सभा और भोपाल में रोड शो होगा। लगभग एक किलोमीटर का ये रोड शो न्यूमार्केट क्षेत्र में होगा। महानगरों में प्रचार के लिए ये एक यूनिक प्रयोगा है, जिसमें केवल हाथ में कमल का फूल लेकर, बिना कुछ भी बोले पार्टी की बात जन-जन तक पहुंच जाती है। इस मौन अपील का फायदा ये होता है कि आमसभा के लिए जो व्यवस्थाएं होती हैं, उन सब परेशानियों से बच सकते हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के इस प्रयोग से बाकी पार्टियों को भी सीखना चाहिए।

यादव ने कहा कि लगभग 200 से अधिक मंचों पर प्रधानमंत्री का स्वागत होगा। इस दौरान विभिन्न कलाकार, साधु संत और विभिन्न समाजों के लोग उनका स्वागत करेंगे। भव्य पुष्पवर्षा के बीच महिलाएं परंपरागत तौर पर प्रधानमंत्री की आरती उतारेंगी। ये रोड शो पूरी तरह भगवामय होगा।

### बयान पर विवाद गहराया, आज आयोग ने मंगाई रिपोर्ट



पीएम मोदी की ओर से दिए बयान पर विवाद गहराता जा रहा है। देश की संपत्ति मुस्लिमों में बांटने को लेकर मोदी के दिए बयान की कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने आलोचना की है। कांग्रेस नेताओं के एक दल के चुनाव आयोग के पास पहुंचकर शिकायत करने के बाद चुनाव आयोग ने राजस्थान के बांसवाड़ा के जिला निर्वाचन अधिकारी से पीएम के भाषण की वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने को कहा है। अखबार की कटिंग और चैनल क्लिप के साथ इन्हें जमा करने के लिए मंगलवार तक का समय दिया है। अधिवक्ता व कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हमने चुनाव आयोग के सामने 17 शिकायतें दर्ज कराई हैं। हलांकि विपक्ष के ऐतराज पर मोदी भी बैकफुट पर नजर नहीं आए और यूपी के अलीगढ़ में कहा कि मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। दरअसल, बांसवाड़ा में मोदी ने कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की गाढ़ी कमाई और संपत्ति घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वाले लोगों को देने की है। मोदी ने इस रैली में कहा कि पहले जब उनकी (कांग्रेस) सरकार थी तो उन्होंने कहा था की देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इसका मतलब ये संपत्ति इकट्ठी करके किसको बांटेंगे।



मुख्यमंत्री मोहन यादव आज रायसेन, नरसिंहपुर, रीवा व सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। उन्होंने हनुमान जयंती पर आज रायसेन के छींदधाम पहुंचकर दर्शन किये फिर

### यादव आज नड्डा के साथ

स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल रहे। आज भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा के साथ वे दोपहर दो बजे रीवा के एस.ए.एफ एवं दोपहर 3 बजे सतना के सी.एम.ए ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। उधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में रायसेन के उदयपुरा, नरसिंहपुर के गाडरवारा में सभा करेंगे।

### 40 साल बाद कांग्रेस का प्रयोग

दरअसल, यहां कांग्रेस ने अरूण श्रीवास्तव को टिकट देकर कायस्थ-मुस्लिम वोटबैंक को पाने की जुगत की है, इन मतदाताओ की संख्या भोपाल क्षेत्र में करीब साढे पांच लाख के आसपास है। कांग्रेस ने चालीस साल पहले कायस्थ नेता केएन प्रधान को टिकट दिया था और आखिरी जीत दर्ज की थी।

### बेरोजगारी का पीक.. राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट कर शब्दों की जुगलबंदी से मोदी सरकार पर हमला किया है। उन्होंने लिखा- 'देश में बेरोज़गारी और महंगाई का पीक है, और नरेंद्र मोदी कहते हैं सब कुछ ठीक है। उनके पास 'मुद्दों से भटकाने' की नई-नई तकनीक हैं, पर झूठ के कारोबार का अंत अब नज़दीक है।'

# नौसेना के दो हेलिकॉप्टर हवा में टकराए, 10 मौतें

**कुआलालंपुर, एजेंसी।**

मलयेशिया में आज सुबह एक दर्दनाक घटना हो गई। यहां नौसेना के दो हेलीकॉप्टर आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। बताया गया है कि यह हेलीकॉप्टर रॉयल मलयेशिन नेवी के एक समारोह के लिए तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान दोनों हवा में आपस में टकरा गए। इस घटना में हेलीकॉप्टर पर सवार 10 क्रू सदस्यों की मौत हो गई। नौसेना के मुताबिक, घटना लुमुत नौसैन्य बेस पर सुबह करीब 9.30 बजे हुई। दुर्घटना के बाद सभी मृतकों के शव को लुमुत आर्मी बेस अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी पहचान के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। यह हादसा तब हुआ, जब एक हेलीकॉप्टर का रोटर



(पंखा) दूसरे हेलीकॉप्टर से टकरा गया और दोनों ही स्टेडियम के ग्राउंड में गिर गए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

## दूल्हा रेप में गिरफ्तार, दुल्हन करती रही इंतजार

**बनारस।** उप्र के वाराणसी में एक दूल्हा शादी वाले दिन ही गिरफ्तार हो गया। पुलिस ने घोड़ी चढ़ने के पहले ही उसे दबोच लिया। रेप केस में



पुलिस ने दूल्हे पर शिकंजा कस दिया, जब इस बात का पता चला दुल्हन पक्ष को चला तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने शादी से इनकार कर दिया। मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल, घटना वाराणसी के चौबेपुर के रुस्तमपुर की है, जहां रहने वाले गोविंद पटेल को सारनाथ थाने की पुलिस ने रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोप है कि गोविंद पटेल ने सारनाथ क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर 4 साल तक उसके साथ दुष्कर्म किया। गोविंद की शादी वाराणसी के काजिसराय में रहने वाली युवती के साथ होने वाली थी। जब इसका पता सारनाथ क्षेत्र की रहने वाली एक अन्य युवती को हुई तो उसने गोविंद के ऊपर स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया।

## केजरीवाल को जेल में पहली बार मिला इंसुलिन

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

कथित शराब घोटाले मामले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की बीमारी और इंसुलिन को लेकर विवाद कम नहीं हो रहा है,इसे लेकर आम आदमी पार्टी और बीजेपी के बीच जमकर बयानबाजी हो रही है। इस बीच आज केजरीवाल को तिहाड़ में पहली बार इंसुलिन दी गई है। खबरों



के मुताबिक, जेल में केजरीवाल का शुगर लेवल लगातार बढ़ रहा था। उनका शुगर लेवल 320 तक पहुंच गया था। इसके बाद उन्हें इंसुलिन दी गई। तिहाड़ सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल को एम्स के डॉक्टर ने सलाह दी थी कि अगर बहुत जरूरी हो तभी इंसुलिन दी जाए, जिसके बाद केजरीवाल को इंसुलिन दी गई। बता दें कि इससे पहले तिहाड़ जेल में केजरीवाल को इंसुलिन न दिए जाने के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नेताओं ने प्रदर्शन किया था। केजरीवाल ने भी पत्र लिखकर जेल प्रशासन पर सरकार के दबाव में काम करने का ओरोप लगाया था।

## शेयर बाजार में उछाल सेंसेक्स 212 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक मंगलवार को लगातार तीसरे सत्र में बढ़त के साथ खुले। बाजार की मजबूती में रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ-साथ वित्तीय और आईटी सेक्टर के शेयरों ने योगदान दिया। रिलायंस समूह की चौथी तिमाही नतीजों के अनुसार कंपनी का लाभ अनुमानों से आगे निकल गया है। आज सेंसेक्स 314 अंक या 0.42 प्रतिशत बढकर 73,947 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी 90 अंक बढ़त के साथ 22,426 पर कारोबार कर रहा है। भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, टाइटन और एचसीएल टेक सेंसेक्स के शीर्ष योगदानकर्ताओं के रूप में कारोबार करते दिख रहे हैं।

## गाजा युद्ध : घर में घिरे बाइडन विवि में प्रदर्शनों की बाढ़

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**

गाजा में जारी युद्ध को लेकर अब अमेरिकी सरकार पर भी दबाव बढ़ रहा है और राष्ट्रपति जो बाइडन घर में ही घिरते जा रहे हैं। दरअसल गाजा युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका के कई विवि में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ये विरोध प्रदर्शन व्यापक पैमाने पर हो रहे हैं और हालात ये हैं कि अमेरिका के कई विश्वविद्यालयों में अकादमिक सत्र बुरी तरह से



प्रभावित हो रहा है और हजारों छात्रों के साथ ही अध्यापक और अन्य स्टाफ भी फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शनों में शामिल हैं। कोलंबिया यूनिवर्सिटी से लेकर कैलिफोर्निया की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी तक सभी में फलस्तीन समर्थक रैलियां निकाली जा रही हैं। वे आम नागरिकों की मौतों के लिए बाइडन सरकार और उनकी नीतियों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। ऐसा ही हाल अमेरिका के अन्य कॉलेजों का भी है।

**मेट्रो एंकर**

## उत्तरप्रदेश व बिहार के हिन्दी मीडियम छात्र लगातार पिछड़ रहे...

# यूपीएससी फैक्ट्री में जबर्दस्त मंदी के हालात!

**दिल्ली, एजेंसी।**

इन दिनों संघ लोक सेवा आयोग यानि यूपीएससी का रिजल्ट सुर्खियों में है। अखबारों, टीवी चैनलों से लेकर सोशल मीडिया पर यह एग्जॉम क्रैक करने वाले कैंडिडेट्स की सक्सेस स्टोरी चल रही हैं। यूपीएससी रिजल्ट में कुछ ऐसे आंकड़े हैं जो चिंता का विषय हैं। यह चिंता समाज की अधिकतम आबादी के लिए है। यानि हिंदी समेत अन्य क्षेत्रीय भाषा में पढ़ाई-लिखाई करने वालों के लिए है। खास बात यह है कि कभी यूपीएससी की फैक्ट्री कहे जाने वाले बिहार भी पिछ्ड रहा है।

संघ लोकसेवा आयोग परीक्षा में कुल 1016 कैंडिडेट्स का रिजल्ट जारी किया है, जबकि नौकरियां 1143 पोस्ट के लिए निकाली गई थीं। यूपीएससी ने 240 कैंडिडेट्स की रिजर्व लिस्ट रखी है। यानी अगर कुछ कैंडिड्स किसी वजह से जॉब ज्वाइन नहीं करते हैं तो इन रिजर्व कैटेगरी के कैंडिडेट्स को मौका दिया जा सकता है। मगर खास चिंता यह, कि कुल 1016 कैंडिडेट्स में केवल 42 हिंदी मीडियम के लोगों का रिजल्ट हुआ है। इन 42 कैंडिडेट्स में एक ऐसा है जिसका ऑप्शनल इंग्लिश मीडियम है, क्योंकि उसका एक सब्जेक्ट कैमेस्टी (रसायन शास्त्र) है। अब अगर इन 42 हिंदी मीडियम के पासआउट कैंडिट्स में कई चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। कुल 42 लोगों में 29 कैंडिडेट्स ऐसे रहे जिनका सब्जेक्ट हिंदी साहित्य रहा। चार-चार अभ्यर्थी इतिहास और भूगोल विषय के हैं। दो कैंडिडेट्स दर्शनशास्त्र के हैं। एक अभ्यर्थी राजनीति शास्त्र का है। एक का रसायन शास्त्र (जिसकी परीक्षा इंग्लिश में होती है)। बाकी बचे एक कैंडिडेट्स का विषय गुजराती साहित्य है।

### टॉप रैंकर्स में भी हिंदी मीडियम पिछड़ा





यूपीएससी में हिंदी मीडियम से पासआउट कैंडिट्स रैंकिंग में भी पीछे हैं। खबरों के मुताबिक हिंदी मीडियम में सबसे अच्छी रैंक मोहनलाल को मिली है, जिनका ऑप्शनल सब्जेक्ट रसायनशास्त्र है। क्योंकि रसायनशास्त्र की परीक्षा अंग्रेजी में होती है। इसके बाद हिंदी साहित्य से परीक्षा देने वाले 135वीं रैंक हासिल करने वाले विनोद कुमार मीणा हैं। वहीं 22 वर्षीय अर्पित ने 136वीं रैंक हासिल करने वाले हिंदी मीडियम के कैंडिडेट हैं। बाकी की रैंकिंग 500 के पार है।

**राजस्थान नंबर वन पर !:** हिंदी मीडियम से जिन 42 कैंडिडेट्स का रिजल्ट हुआ है उनमें 18 अकेले राजस्थान के हैं। राजस्थान लगातार पिछले दो-तीन साल से नंबर वन पर बना हुआ है। दूसरे नंबर पर 12 की संख्या के साथ उप्र नंबर दो पर है, जो आबादी के हिसाब से चिंताजनक है। वहीं मध्यप्रदेश के 9 रिजल्ट हुए हैं। बाकी बचे 3 रिजल्ट में आईएएस फैक्ट्री कहे जाने वाले बिहार से हिंदी मीडियम से केवल 1, छत्तीसगढ़ और गुजरात से एक-एक रिजल्ट हैं। इन 42 रिजल्ट में 37 लड़के हैं और 5 लड़कियां हैं। बिहार और उत्तर प्रदेश देश के दो ऐसे राज्य हैं जिसे एक जमाने में आईएएस की फैक्ट्री माने जाते थे। बिहार में हर साल बिहार बोर्ड से करीब 16 लाख बच्चे हिंदी मीडियम से 10वीं की बोर्ड परीक्षा देते हैं। वहीं इंग्लिश मीडियम से अधिकतम ढाई से 3 लाख बच्चे। यानी बिहार का करीब 80 से 85 फीसदी आबादी अपने बच्चों को हिंदी मीडियम से पढ़ा रहे हैं। हिंदी मीडियम का मतलब अधिकतर सरकारी स्कूलों से है।

## मस्क पर भड़के ऑस्ट्रेलियाई पीएम, बताया घमंडी अरबपति

**सिडनी, एजेंसी।**

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने आज अरबपति कारोबारी एलन मस्क को



'घमंडी' बता दिया। दरअसल सिडनी में एक पादरी के साथ हुई चाकूबाजी की घटना के वीडियो को एक्स से न हटाए जाने को लेकर अल्बानीज मस्क पर भडके हैं। यहां एक 16 साल के लड़े ने चर्च के एक पादरी पर इस्लाम की आलोचना का आरोप लगाते हुए उसे चाकू माराथा। आसलिया के दूरसंचार नियामकों ने एक्स से इस वीडियो से जुड़े कुछ पोस्ट्स और कमेंट्स हटाने के लिए कहा। हालांकि, एक्स की तरफ से इस मामले में कार्रवाई न किए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया की कोर्ट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को दूरसंचार नियामक का आदेश मानने को कहा। बाद में एक्स ने इस वीडियो को अपने प्लेटफॉर्म से पूरी तरह हटाने की जगह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया में स्थित यूजर्स के लिए हटाया।

# हनुमान भक्ति में लीन राजधानी, मंदिरों में विशेष पूजा और शोभायात्रा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर आज भोपाल में पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मंदिरों में पूजा अर्चना का दौरा है। मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। हनुमान जयंती पर जगह-जगह अखंड रामायण पाठ, भंडारे और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। शहर के कई स्थानों से शोभायात्राएं भी निकाली जा रही हैं। जिसमें मुख्य रूप से हिंदू भवानी संगठन द्वारा भव्य शोभायात्रा है।

राजधानी के विभिन्न मंदिरों में एक दिन पहले यानी सोमवार से अखंड रामायण पाठ शुरू हो गए थे। न्यू मार्केट स्थित श्री खेड़ापति हुनमान मंदिर में अखंड रामायण पाठ चलता रहा। इसी तरह कल सोमवार को भवानी चौक सोमवारा स्थित मां कर्फ्यू वाली माता मंदिर पर महाआरती की गई। कटारा हिल्स क्षेत्र में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में भी अखंड रामायण पाठ किया जा रहा है।



## त्रिलंगा सिद्ध श्री बाल स्वरूप हनुमान में नर्मदा कुंड का निर्माण

त्रिलंगा कालोनी स्थित सिद्ध श्री बाल स्वरूप हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमानजी जन्मोत्सव के तहत रविवार को मंदिर की उत्तर दिशा में नर्मदा कुंड का निर्माण किया गया। जहां पर देश की सभी पवित्र नदियों, समुद्र जल, बालू शीप समुद्री फेन, समुद्री काई उत्तराखंड व समस्त पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाने वाली सामग्री के कलश स्थापित कर भूमि व वरुण देवता का आह्वान किया गया।

## गुफा मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक

गुफा मंदिर में हनुमान जयंती पर सुबह 6.30 बजे महंत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा श्री हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक सिंदूर चोला अर्पण कर पूजन किया गया। इधर नेहरू नगर के सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में भी धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। सुबह छह बजे से धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुए, जो देर रात तक चलेंगे।

**अखंड रामायण पाठः हनुमान मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई है। मंदिरों को फूलों से सजाया गया है। सोमवार से ही अखंड रामायण पाठ शुरू हो गए हैं। 24 घंटे का अखंड राम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर प्राचीन पूर्व मुखी मनोकामना हनुमान मंदिर अन्ना नगर में 24 घंटे का रामायण पाठ सोमवार से शुरू हो गया है। जिसका समापन आज सुबह हुआ।**









## मथुरा से मंगाई पोशाक

न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में विराजमान अंजनी सुत के लिए मथुरा से 51 हजार रुपये का चोला मंगाया गया है। इसे मथुरा के कारीगरों ने बारीक बुनाई से तैयार किया है। चोला तैयार करने के दौरान ये कारीगर सात्विक एवं नियम धर्म से रहते हैं। लोहा बाजार स्थित श्रीनाथजी मंदिर के बालाजी भक्त मंडल के गोपाल सोनी ने बताया कि श्रीनाथ बालाजी मंदिर में विराजमान हनुमान जी के लिए बनारस से चोले का कपड़ा मंगाया गया है। इधर चौबदारपुरा स्थित श्रीबांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर में विराजमान हनुमान जी के चोले के लिए वृंदावन से कपड़ा मंगाया गया है, जिसे भोपाल में तैयार किया जा रहा है।

## हुनर मेलाः शाहपुरा की महिलाओं के उत्पाद को मिला मंच



**भोपाल।** शहर के शाहपुरा इलाके में हाउस ओनर्स एसोसिएशन ने कम्युनिटी हॉल परिसर में दो दिवसीय मेले का आयोजन किया। जिसमें शाहपुरा क्षेत्र में निवास करने वाली महिलाओं द्वारा निर्मित वस्तुओं के स्टाल लगाए गए। मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद स्नेहलता रघुवंशी ने किया। शाहपुरा हाउस ओनर्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सुभ्रा गोयल ने कहा कि यहां रहने वाली कई महिलाएं विभिन्न निर्माण करती हैं। इनमें भगवान के वस्त्र, आयरन निर्मित विभिन्न गिफ्ट आइटम, अचार पापड़आदि शामिल हैं। इस मेले से निर्माण वस्तुओं को एक मंच मिला है तथा शाहपुरावासी भी क्षेत्रीय प्रतिभाओं से परिचित हुए हैं। डॉक्टर अनीता कटारे का कहना है कि जिस उद्देश्य के लिए मेला लगाया गया था पहली बार में हम उसमें सफल हुए हैं आगे चलकर और बडे पैमाने पर मेले का आयोजन किया जाएगा।

## मां दुर्गा के नौ रूपों की प्राण प्रतिष्ठा, कलश यात्रा निकली

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

फंदा स्थित मानसरोवर धाम में मां दुर्गा के नौ रूपों की प्राण प्रतिष्ठा के पांच दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। पहले दिन सोमवार को फंदा स्थित हरिहर आश्रम से मानसरोवर धाम तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ो महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर मां जगत जननी की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अपनी भक्ति आराधना की साथ ही संत महात्मा बाजी में सवार होकर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते दिखाई दिए जिसमें मुख्य रूप से सुखसागर उदासीन आश्रम के महंत बाबा रामदास उदासीन जी एवं भोले के दरबार के गाड़ी मशीन शिव महापुराण कथा वाचक संत मुकेशजी हरिहर आश्रम के मठाधीश हरिहर महाराज एवं अन्य कई साधु संत उपस्थित रहे कार्यक्रम के आयोजन एवं मानसरोवर धाम के संस्थापक अध्यक्ष संजय कश्यप ने आए हुए सभी संत महात्माओं श्रद्धालुओं का आभार



व्यक्त किया सभी संतो ने कश्यप जी को आशीर्वाद दिया

इस अवसर पर राष्ट्रीय सिंधी मंच के जिलाध्यक्ष वी हीरो फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, प्रभु दास मूलचंदानी, नानक ददलानी, नारीमल सबनानी, अशोक कुमार तनवानी, मधु घनश्यानी, कमल संभवानी, शमी गंगवानी, प्रवीण होतवानी, रवि लालवानी, राजकुमार धानुक भारतीय मूलचंदानी, निर्मल सोनी मुख्य रूप से कलश शोभायात्रा में उपस्थित रहे।

## सेवासदन को गोपीचंद की आंखें दान में मिली

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

ईदगाह हिल्स, भोपाल निवासी 87 वर्षीय गोपीचंद मूलचंदानी का निधन 20 अप्रैल 2024 को हो गया। दिवंगत प्राणी के पुत्र सुनील मूलचंदानी ने अपने पिता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । श्री मूलचंदानी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 2100 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। प्रबंधन ट्रस्टी आइलदास साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।



**मेट्रो एंकर** | संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में प्रेरणादायी सत्र

# सभी प्राणियों के लिए करुणा का भाव होना आवश्यक

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

जीव-जंतु एवं पौधे हमारे लिए वरदान हैं; इनके प्रति संवेदनशीलता होना मनुष्य के कर्त्तव्य है। मनुष्य अपने कर्मों के माध्यम से समाज, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी एवं प्रकृति की सेवा कर सकता है एवं पुण्य प्राप्ति कर सकता है। यह विचार संत सिद्धभाऊ ने व्यक्त किए।

वे संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में छात्राओं में संवेदनशीलता एवं करूणा के संस्कारों के रोपण हेतु एक प्रेरणादायक सत्र में बोल रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती, माँ भारती एवं संत शिरोमणि हिरदाराम साहिब जी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। संस्थान के डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर व मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी और पर मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल की अकादमिक कोऑर्डिनेटर मिनी नायर ने भी अपने विचार रखे। भाऊजी ने कहा कि मानव योनि सर्वश्रेष्ठ है। मानव शरीर विभिन्न प्रकार के कर्म करने का साधन है। गर्मी में हमें सेवाका अवसर मिला है कि हम सभी प्राणियों को ईश्वर की रचना मान कर उनकी सहायता करें। भाऊजी ने कहा कि सुबह उठकर सबसे पहले स्वयं का पेट भरने से पहले रात भर के भूखे-प्यासे पशु-पक्षियों को सुबह जल्दी उठकर बिना कुछ खाए-पिये दाना-पानी दें। इन प्राणियों की सेवा करने से बलाएं टल जाती हैं।



सिद्ध भाऊजी ने संत हिरदाराम जी के विचारों एवं जीवन शैली का उल्लेख करते हुए बताया कि वे पशु पक्षियों हेतु कुटिया में दाना पानी का प्रबंध करते थे। वे कहते थे कि सारा जगत पशु पक्षियों का भी है। उन्हें दाना चुगाने से हम सीधे परमात्मा से जुड़ सकते हैं, इसलिए पशु पक्षियों की सेवा परमात्मा की सेवा है। पशु पक्षी हमसे कोई अपेक्षा नहीं रखते, परंतु हमारी थोड़ी सी देखभाल के बदले में वे हमें बहुत सारा प्यार देने को तत्पर रहते हैं। इनसे अधिक वफादार कोई भी नहीं होता।

कार्यक्रम में भाऊजी ने सभी छात्राओं को उपहार स्वरूप पक्षियों के लिए सकोरे, घोंसले एवं दाने के पैकेट भेंट किये। संचालन डॉ. कोमल तनेजा ने किया।

## मतदान कर राष्ट्रधर्म के पर्व में डालें आहुतियांःवासवानी



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

दीप माला पागरानी पब्लिक स्कूल में सोमवार को मतदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शत-प्रतिशत मतदान कर राष्ट्रीय धर्म निभाने का संकल्प लिया।

संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि यह पर्व राष्ट धर्म का पर्व है, यह पांच वर्ष में एक बार आता है। हमें मतदान करके राष्ट हित में कार्य करना चाहिए। सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश की दिशा और दशा तय करता है, हमें हमारे आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना है। हम सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार और प्रसार कर सकते हैं। सेवानिवृत्त कर्नल नारायण पारवानी ने कहा कि मतदान करें एवं दूसरों को भी अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रचार्य आरके मिश्रा, उपप्रचार्या मीनल नरयानी एवं संस्कार विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकाओं ने मतदान करने का संकल्प लिया और सभी से कहा मतदान के दिन पहला काम मतदान फिर जलपान।

## दूसरे चरण की छह सीटों पर मतदान की तैयारी, राजनीतिक दलों के दौरे तेज

# डेढ़ लाख मतदाता पर्ची का वितरण बाकी, एक करोड़ बंटीं




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** लोकसभा चुनाव के तहत मप्र के जिन संसदीय क्षेत्रों में दूसरे चरण में मतदान होना है, वहां चुनाव आयोग के दावे के मुताबिक मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा चुकी हैं। मतदाता पर्ची में क्यूआर कोड भी है। दूसरे चरण में छह लोकसभा संसदीय क्षेत्रों टीकमगढ़ (अजा), दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में 26 अप्रैल को मतदान होगा। यहां पर कुल एक करोड़ 11 लाख 62 हजार 460 मतदाता हैं। इनमें से एक करोड़ 10 लाख 39 हजार 752 मतदाताओं को क्यू आर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची वितरित की जा चुकी है सीईओ अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश के सभी मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है। क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, लोकेशन, राज्य औरजिले का वोटर हेल्पलाइन नम्बर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे।

### भाजपा ने तहसनहस किया संवैधानिक तानाबानाः शास्त्री



भोपाल में कांग्रेस उम्मीदवार अरूण श्रीवास्तव के प्रचार के लिये आये पूर्व केंद्रीय मंत्री अनिल शास्त्री ने कहा कि बीते वर्षों में मप्र और देश की भाजपा सरकारों ने अपनी सत्ता की भूख मिटाने को समूचे देश के सामाजिक, राजनैतिक, संवैधानिक और आर्थिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया है। देश के प्रजातंत्र के लिए आज परीक्षा की घड़ी है, हमें पूरा विश्वास हैं देश की जनता जीतेगी और भाजपा साकार की हार होगी। शास्त्री ने कहा कि जिन भाजपा सरकारों ने किसान, नौजवान, जवान, बेटियों दलितों, पिछड़ों और पहलवानों सब का अपमान किया हैं, उन्हें देश की जनता परास्त करेगी। भाजपा काल मे बेरोजगार, महंगाई चरम पर पहुंची है।

### खुद की सुरक्षा के नाम पर हथियार

शांति का टापू कहे जाने वाले मप्र में 2.73 लाख लोगों के पास लाइसेंसी हथियार है। इनमें राजनेता, ठेकेदार व व्यापारियों की संख्या अधिक है। नामपात्र के सामान्य व्यक्तियों के पास हथियार है। इन्होंने ये हथियार स्वयं की सुरक्षा के नाम पर खतरा बताकर ले रखे हैं। लोकसभा चुनाव के मद्दृदेनजर इन हथियारों को जमा कराया जा रहा है। उधर आयोग के निर्देशों के आधार पर प्रदेश में अवैध हथियारों व विस्फोटक को जब्त करने की कार्यवाही लगातार चल रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक 2 लाख 73 हजार 432 लाइसेंसी शस्त्र थानों में जमा कराए गए। प्रदेश में 46 हजार 832 गैर जमानती वारंटों की तामीली कराई गई। 792 शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए। अवैध हथियारों पर भी शासन की नजर है। अब तक प्रदेश में 3344 हथियार पकड़े हैं। ये सभी अवैध हैं।



### हम सांस्कृतिक अनुष्ठान कर रहे

सीएम मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी एक के बाद एक पाप किए जा रही है। पहले इन्होंने आजादी के बाद हिन्दुस्तान-पाकिस्तान का बंटवारा कराने का पाप किया। इसके बाद 70 सालों तक देश पर राज किया, लेकिन हमारे आराध्य भगवान श्रीराम का मंदिर नहीं बनवाने का पाप किया। अब ये हमारी सनातन संस्कृति और भगवा पर आपत्ति उठाने का पाप भी कर रहे हैं। हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने सांस्कृतिक अनुष्ठान का महायज्ञ प्रारंभ किया है। मुख्यमंत्री ने देवास लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सोलंकी एवं उज्जैन लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया की नामांकन रैली में शामिल होकर जनसभाओं को संबोधित किया।

### शिवराज ने की चार क्षेत्रों में सभा

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपने विदिशा लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में घूमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। विदिशा, होशंगाबाद, राजगढ़ और भोपाल में प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस कभी भी किसी का भला नहीं कर सकती है, ये धन अर्जन करते हैं अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए। इनकी नज़रों में जनता की सेवा का कोई मोल नहीं है। अब ये जनता सिद्ध करेगी कि, हम धन-बल के आगे पसीने को पराजित नहीं होने देंगे।चौहान ने कहा कि, राहुल गांधी वामपंथियों के बंधक है, भारत की सनातन परंपराओं से जुड़े नहीं हैं, वो जानते ही नहीं है कि, भारत की माटी क्या है। अब राहुल गांधी कह रहे थे कि, भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में गरीबों का जिक्र नहीं किया।

### जयवर्धन की शिकायत लेकर पहुंची भाजपा

भारतीय जनता पार्टी ने अशोकनगर जिले के नईसराय में हुए एक सामूहिक विवाह सम्मेलन का खर्च राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी दिग्विजयसिंह के खाते में जोड़े जाने तथा दिग्विजय के बेटे और विधायक जयवर्धन सिंह के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन की कार्रवाई किए जाने की मांग आयोग से की है। इस संबंध में पार्टी की ओर से की गई शिकायत में कहा गया है कि दिग्विजयसिंह के बेटे जयवर्धनसिंह ने इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में न सिर्फ पिता का प्रचार-प्रसार किया, बल्कि वोट भी मांगे। भाजपा के मनोज द्विवेदी तथा अशोक विश्वकर्मा द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत में कहा गया है कि 16 अप्रैल को अशोकनगर जिले के नईसराय में एक सामूहिक विवाह सम्मेलन हुआ था।

### भाजपा नेताओं के दौरे

भाजपा नेता आज प्रदेश के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के प्रवास पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रायसेन, नरसिंहपुर, रीवा व सतना, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा खजुराहो, टीकमगढ़ एवं कटनी, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान विदिशा, लोकसभा चुनाव के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह दतिया, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया शिवपुरी, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, जगदीश देवड़ा खरगौन,प्रहलाद पटेल नरसिंहपुर, रीवा और सतना, नरोत्तम मिश्रा सागर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी सीहोर, इटारसी जिले के प्रवास पर हैं।



चुनावी सभा के दौरान लोगों से जनसंपर्क करते ज्योतिरादित्य सिंधिया

## अब नौ जून से होंगी एमपीपीएससी की भर्ती परीक्षाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मप्र लोक सेवा आयोग ने लिखित परीक्षाओं को आगे बढ़ा दिया है। आयोग का कहना है कि कर्मचारियों और अधिकारियों की ड्यूटी निर्वाचन कार्यों में लगाई गई है। जिन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं करवानी थीं, उन्हें भी मतदान केंद्र बनाया गया है। ऐसे में अप्रेल-मई में परीक्षाएं नहीं करवाई जा सकतीं, इसलिए टाइम टेबल में बदलाव किया गया है। आयोग के अधिकारी रवींद्र पंचभाई के अनुसार, आयोग अब अप्रेल-मई में होने वालीं परीक्षाएं चुनाव परीणाम आने के बाद जून में ही आयोजित करवाएगा। हालांकि आयोग ने इंटरव्यू के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया है। जो साक्षात्कार पहले से तय हैं, वह शुरू भी हो चुके हैं। इन दिनों 290 पदों के लिए राज्य सेवा परीक्षा 2021 के इंटरव्यू चल रहे हैं। यह प्रक्रिया 24 मई तक चलेगी। परीक्षा के लिए आयोग ने संशोधित टाइम टेबल जारी किया है।

## 5 किमी के दायरे में एक एफआई सेंटर होना चाहिए

### आईसेक्ट द्वारा चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव का आयोजन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आरबीआई का प्रयास था कि 5 किमी के दायरे में एक एफआई सेंटर होना चाहिए, जो अब संभव हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि एफआई सेंटर को किस प्रकार डायनेमिक स्वरूप प्रदान कर कई प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा सकती है और वित्तीय साक्षरता को देश के ग्रामीण हिस्सों में पहुंचाया जा सकता है। यह बात रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक एच.के. सोनी ने यूनिवर्सल एक्सेस की बात करते हुए कही। आईसेक्ट द्वारा चौथेसमर्थ भारत कॉन्क्लेव का शुभारंभ कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया। कॉन्क्लेव का विषय विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और सामाजिक उद्यमिता की भूमिका है। सम्मेलन में पहले दिन बतौर विशिष्ट अतिथि बैंकिंग एंड फाइनेंशियल इंक्लूजन क्षेत्र में कार्यरत देश की प्रतिष्ठित संस्थाओं के विषय विशेषज्ञ शामिल हुए। इसके अलावा कार्यक्रम में देशभर से आए 1500 से अधिक लघु उद्यमी भी उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में आईसेक्ट के चेयरमैन संतोष चौबे ने कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए हमें प्रमुखतः ब्लॉक और पंचायत स्तर पर ध्यान केंद्रित करना होगा तभी ब?ा बदलाव संभव है। हमने सूचना क्रांति की सफलता में देखा है कि जब वह पंचायत और ब्लॉक लेवल तक पहुंची तो भारत में सही मायने में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं। अब फाइनेंशियल इंक्लूजन का समय है, ऐसे में हम जितनी मजबूती से काम करेंगे उतना ही हमारा देश विकसित और सशक्त होगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक प्रमोद बंसल ने कहा कि एसबीआई के मप्र में प्रत्येक 50 में से 1 अकाउंट आईसेक्ट एफआई के सेंटर द्वारा ही खोला जाता है। यह आईसेक्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों के प्रभाव को दर्शाता है।

## 'प्रत्येक चुनौती अपने सपनों को प्राप्त करने के करीब ले जाने का अवसर'

### टीआईटी टेक्नोक्रेट्स में क्लीनिकल लीगल एजुकेशन पर सेमिनार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित टीआईटी टेक्नोक्रेट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने क्लीनिकल लीगल एजुकेशन एंड एक्सेस जस्टिस फॉर आल पर एक सेमिनार का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रोहित आर्य शामिल हुए। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति रोहित आर्य ने कहा कि प्रत्येक चुनौती को अपने सपनों को प्राप्त करने के करीब जाने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। क्लीनिकल लीगल एजुकेशन कानूनी शिक्षा का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोग के बीच की खाई को कम करता है। यह कानून के छात्रों को वास्तविक जीवन के कानूनी मुद्दों से निपटने में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, साथ ही साथ सभी के लिए न्याय को बढ़ावा देता है। उन्होने कहा कि सीएलई के कार्यान्वयन में धन, संसाधन आवंटन और गुणवत्ता कानूनी सहायता सुनिश्चित करने जैसी चुनौतियों का सामना करना प?ता है। हालांकि, यह लॉ कॉलेज के लिए सुधार के अवसर भी प्रस्तुत करता है।

## राज्य पात्रता परीक्षा में बढ़ाए चार और विषय, आवेदन आज से

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने राज्य पात्रता परीक्षा-2024 चार नए विषय जोड़े हैं। इनमें कप्यूटर साइंस, रक्षा व रणनीति अध्ययन, संगीत और गृह विज्ञान विषय शामिल हैं। पूर्व में अर्थशास्त्र, इतिहास, अंग्रेजी, भूगोल, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, समाज शास्त्र, गृह विज्ञान, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, मनोविज्ञान, संस्कृत, योग आदि विषय थे। इन विषयों में फार्म भरने के लिए 21 मार्च से 20 अप्रेल तक का समय दिया गया था, लेकिन नए विषय शामिल होने के बाद अभ्यर्थियों को आवेदन का एक और मौका दिया गया है। आवेदन प्रक्रिया मंगलवार से शुरू होगी, आखिरी तारीख 9 मई है। परीक्षा के लिए आवेदन करने अभ्यर्थियों के पास यूजीसी मान्यता प्राप्त संस्थानों से न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ मास्टर डिग्री या समकक्ष होना चाहिए।

**मेट्रो एंकर** | रिजल्ट से असंतुष्ट विद्यार्थी हर साल माशिमं को करते हैं आवेदन


## 10-12वीं कक्षा की कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन अब कोर्ट के आदेश के बाद ही करा सकेंगे छात्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा छात्र-छात्राओं को सिर्फ पुनर्गणना की सुविधा दी जाती है। विद्यार्थी द्वारा याचिका लगाने के बाद ही बोर्ड की कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन हो पाता है। जिसमें विद्यार्थियों का समय बर्बाद होता है, कई विद्यार्थी तो गलत कॉपी चेक होने के कारण मैरिट से भी चूक जाते हैं। वहीं कोर्ट को फैसला आने तक छात्रों का साल खराब हो चुका होता है। रिजल्ट से असंतुष्ट दसवीं और बारहवीं के छात्र-छात्राओं को पुनर्मूल्यांकन के लिए अब भी कोर्ट जाना होगा। कोर्ट के आदेश के बाद ही उनकी कॉपी फिर से चेक हो सकेगी। इस साल भी माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) मध्य प्रदेश अपने विद्यार्थियों को पुनर्मूल्यांकन की सुविधा नहीं देगा। जबकि रिजल्ट से असंतुष्ट 50 हजार से अधिक विद्यार्थी हर साल मंडल को आवेदन करते हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए दो शिक्षक नियुक्त करने का प्लान था। इन शिक्षकों को विद्यार्थी की उपस्थिति की संबंधित विषय (जिस कॉपी के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया है) की कॉपी फिर से चेक करना थी और नंबर दिए जाने थे। इसके बाद यह कॉपी मशिमं की कमेटी को दी जाना थी। कमेटी के फैसले के बाद छात्र के नंबर पर निर्णय होना था। विद्यार्थियों की मांग पर माशिमं ने सन् 2018 में पुनर्मूल्यांकन की व्यवस्था लागू करने के लिए प्लान तैयार किया था। इसके लिए मंडल के अधिकारियों ने अन्य राज्यों में लागू व्यवस्था का आंकलन भी किया था। ताकि विद्यार्थियों को किसी तरह की




परेशान न हो। यह व्यवस्था 2019-20 में लागू की जाना थी, लेकिन अब तक इस पर निर्णय नहीं हो सका। माशिमं के मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा के गलत मूल्यांकन का खामियाजा विद्यार्थियों को हर साल भुगतना पड़ता है। हर साल पुनर्गणना के लिए प्रदेश भर से 40 से 50 हजार आवेदन आते हैं। इसमें करीब 30 हजार विद्यार्थी ऐसे होते हैं, जो एक या दो नंबर से फेल होते हैं, यदि फिर से कॉपी चेक करने की सुविधा होती तो छात्रों की नवंबर बढ़ सकते हैं।

## संपादकीय

# बदलाव के प्रति नजरिया और जरूरत

*जुलाई महीने से एक खास बदलाव होने जा रहा है, यह कानून के मौजूद स्वरूप को लेकर है। यह बीते कई महीने से बहस का विषय है, राजनीतिक या सामजिक तौर पर इसे लेकर अलग अलग राय सामने आ रही हैं। मगर देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में प्रस्तावित आमूल बदलाव को अब काफी ताकत मिल गई है क्योंकि हाल में देश के चीफ जस्टिस डीवाय चंद्रचूड़ ने उसे युगांतकारी बताया है। दरअसल,इस बदलाव का मुख्यवाहक बन रहे तीन कानून - भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - न केवल संसद के दोनों सदनों से पारित हो चुके हैं बल्कि उन्हें राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल चुकी है। ये कानून इस साल एक जुलाई से लागू होने वाले हैं। सीजेआई के बयान की अहमियत इस मायने में है कि प्रस्तावित बदलावों को लेकर समाज के कुछ हिस्सों में कुछ आशंकाओं के भी संकेत मिलते रहे हैं। इन्हीं आशंकाओं का एक रूप कुछ महीने पहले ट्रक ड्राइवरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के रूप में सामने आया था। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का कहना था कि ड्राइवरों ने अपनी पहल पर काम बंद किया है और इसके पीछे प्रस्तावित नए कानूनों के तहत हिट एंड रन मामलों के लिए किए गए सख्त प्रावधानों के दुरुपयोग का डर है। सरकार उस डर को निराधार बता रही थी। फिर भी उसने आश्वासन दिया कि इससे संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 ( 2 ) को उनसे विचार-विमर्श के बाद ही लागू किया जाएगा। एक जुलाई से तीनों कानूनों के बाकी प्रावधान लागू हो जाएंगे, लेकिन हिट एंड रन से जुड़े प्रावधानों के अमल पर रोक लगी रहेगी। हालांकि जब भी ऐसा कोई बड़ा बदलाव लाया जाता है तो उसे लेकर शंकाएं-आशंकाएं होती ही हैं। इन आशंकाओं को सही नजरिए के साथ परखने की जरूरत भी पैदा हो जाती है। इस लिहाज से देखा जाए तो सीजेआई का ताजा बयान जहां बदलते दौर की जरूरतों के मद्देनजर प्रस्तावित बदलावों की अहमियत को रेखांकित करता है, वहीं यह भी बताता है कि इन बदलावों के पीछे जो मकसद हैं, वे अपने आप हासिल नहीं हो जाएंगे। उसके लिए कई स्तरों पर समानांतर प्रयास चलाए जाने की जरूरत है। असल जरूरत यह समझने की है कि जब समाज और हमारा जीवन पूरी तरह से रूपांतरित हो रहा हो तब हम पुराने कानूनों से चिपके रहते हुए काम नहीं चला सकते। प्रस्तावित तीनों कानून हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में उस तरह के बदलाव लाने वाले हैं, जिनकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। तलाशी और जब्ती प्रक्रिया की ऑडियो-विजुअल रेकॉर्डिंग की बात हो या क्राइम सीन पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मौजूदगी की बात, जांच और न्याय प्रक्रिया में नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल सुनिश्चित करने वाले इन उपायों का विरोध करने की कोई बड़ी या स्पष्ट वजह नहीं दिखती। अलबत्ता ऐसे बदलावों के दुरुपयोग की आशंकाओं को भी खारिज नहीं किया जा सकता। जाहिर है, ऐसे में खुले दिल-दिमाग के साथ सतर्कता बरतते हुए आगे बढ़ना ही सबसे सही विकल्प है। हां, नागरिक अधिकारों और डेटा सुरक्षा को लेकर संवेदनशीलता इसकी अनिवार्य शर्त होनी चाहिए।*

## निशाना

### आंकना ना कम !

होने लगे दावे ।
बहने लगी बयार ।।
जीतेगा गठबंधन ।
तय मिलना है प्यार ।।
आंकना ना कम ।
ला रहे सुधार ।।
सजग हो कर उनसे ।
रहना खबरदार ।।
है कोशिश भरपूर ।
एड़ी चोटी ज़ोर ।।
देख कर ये दुर्दशा ।
हुए भावविभोर ।।
देकर एक मौका ।
लें हमको संभाल ।।
वरना होंगे सारे ।
और भी बेहाल ।।



- कृष्णेन्द्र राय

## आज का इतिहास

- 1906 रूस के प्रथम राज्य ड्यूमा में मौलिक कानून की घोषणा की गयी।
- 1908 डेनमार्क, जर्मनी,ब्रिटेन, फ्रांस, हालैंड और स्वीडन के बीच उत्तरी अटलांटिक संगठन संधि पर हस्ताक्षर किये गये।
- 1918 प्रथम विश्व युद्ध ब्रिटिश रॉयल नेवी ने ज़ेब्रुज के बेल्जियम बंदरगाह पर छापा मारा।

# पुनर्जागरण की राजनीति...लोकतंत्र में सबसे बड़े विश्वास मत का लाभ विजेता उठाता है

**एस प्रसन्नराजन**

राष्ट्र को विवादित भावनाओं में बांट देना चुनावों के दौरान आम है। लेकिन राष्ट्रीय आत्मा का संघर्ष वह होता है, जब राजनेता सत्ता की व्यर्थ लड़ाई के जरिये देशभक्ति की बहाली के लिए प्रयास करते हैं। 21वीं सदी में इस विचार के सबसे परिचित खिलाड़ी असंतोष व स्वदेशीवाद का शोर मचाने वाले हलकों से आते हैं, और वे गौरवशाली अतीत की ओर वापसी को महानता की पूर्व शर्त बनाते हैं। यही वह पक्ष है, जो आमतौर पर धोखे के शिकार राष्ट और उसके निर्वाचित सहयोगियों के खिलाफ जीतता है। ब्रेग्जिट से प्रभावित ब्रिटेन और 'ट्रंपवाद' से प्रभावित अमेरिका इसके सटीक उदाहरण हैं कि कैसे एक काल्पनिक राष्ट्र वर्तमान दुर्दशा के खिलाफ विद्रोह का योग्य गंतव्य बन जाता है।

ब्रेग्जिट और ट्रंपवाद, दोनों आज खंडित विरासत हैं। ब्रेग्जिट के उत्तराधिकारी राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए वोट का प्रबंधन करने में विफल रहे हैं; उन्होंने जो हासिल किया है, वह आर्थिक ठहराव और राजनीतिक अस्थिरता है। दुखद है कि राष्ट्रीय आत्मा के लिए संघर्ष राजनीतिक नश्वरता के विरुद्ध संघर्ष बन गया है। और ट्रंप की लोकप्रियता में वृद्धि के बावजूद ट्रंपवाद मजबूत नहीं हुआ। एक बार सत्ता में आने के बाद, विदेश नीति और अर्थव्यवस्था में उनकी सफलता उनकी व्यक्तिगत शैली के नीचे दब गई। हार के बाद वह अमेरिकी राष्ट्रपति के इतिहास में साजिश के सर्वोच्च दूत बन गए। जैसा कि दूसरी बार सत्ता में उनका आना अपरिहार्य लग रहा है, ट्रंप अब भी बिगड़ैल सांड की भूमिका निभा रहे हैं। ट्रंप के रहते ट्रंपवाद के विचार के विकास की कोई संभावना नहीं दिखती। ये उदाहरण लोकप्रिय भावना और राजनीतिक यथार्थवाद के बीच के अंतर को सामने लाते हैं।

राष्ट्रीय आत्मा के लिए संघर्ष मुक्ति की त्रुटिपूर्ण राजनीति के रूप में समाप्त होता है। मूल आदर्श की मृत्यु के बाद राष्ट्र के झूठे पुनर्स्थापकों का उदय होता है। लेकिन अगर भारतीय राजनीति पर नजर डालें, तो यह पैटर्न टूट जाता है। यहां राष्ट्रीय आत्मा का संघर्ष अपने




दूसरे दशक में प्रवेश करता है। वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी ने आम चुनाव को राष्ट्रवाद की बहाली के जनमत संग्रह में बदल दिया। उन्होंने कभी भी खुद को दूसरे प्रधानमंत्री उम्मीदवारों के रूप में नहीं देखा, जिनकी सीमा अगले पांच वर्षों से आगे नहीं बढ़ती। मोदी ने भारत को आधुनिक रूप देने वाले और राष्ट्र का पुनर्निर्माण करने वाले नेता के रूप में चुनाव जीता और अपना लक्ष्य काल्पनिक अतीत में नहीं खोजा, बल्कि भविष्य से संवाद किया। यह सांस्कृतिक तर्क है, जिसमें दक्षिणपंथ आम तौर पर हार जाता है, पर मोदी के लिए यह तर्क भी नहीं है। यह होने की स्थिति है। राष्ट्रीय आधुनिकीकरण की अपनी परियोजना को सबसे स्थायी क्षेत्र यानी भारत के गरीबों तक ले जाने के लिए उन्हें कभी भी हिंदू विशेषण की जरूरत महसूस नहीं हुई। भारत के सांस्कृतिक पुरखों को बार-बार याद करने की जरूरत नहीं थी, और यह केवल उन लोगों के लिए विवाद का विषय था, जो अब भी मूल राष्ट निर्माताओं के उपदेशों में डूबे हुए थे। मोदी ने राष्ट को सीमित करने वाले स्थापत्यों को नष्ट करना अभी खत्म नहीं किया है, और इसलिए 2024 में उनकी लड़ाई राष्ट्र की पुनर्स्थापना के लिए है।

विकल्प में एक गठबंधन है, जिसे अपनी भारतीयता को रेखांकित करने के लिए एक संक्षिप्त नाम की जरूरत है। जब वे लुप्तप्राय भारत का रोना रोते हैं, तो अनिवार्य रूप से उनका मतलब ऐसे भारत से होता है, जो भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, उप-राष्ट्रवाद और वंशानुगत शक्ति में संलिप्त था-एक ऐसा भारत, जहां धर्मनिरपेक्ष आदर्श का मुख्य आकर्षण अल्पसंख्यक बस्तियां और राष्ट्रीय निषेध है। महागठबंधन का प्रत्येक सदस्य एक ऐसे भारत का प्रतिनिधित्व करता है, जो योग्यता और आधुनिकता पर बने समाज के आवेगों और दृष्टिकोण से बहुत दूर है। लुप्तप्राय भारत के उनके रुदन को बौद्धिक समर्थन मिलता है, और ऐसे समय में, जब असहमति किसी कारण की तलाश में हो, यह आश्चर्य की बात नहीं है। जो शायद यह बताता है कि असहमत लोगों के एक वर्ग के लिए अघोषित आपातकाल का आह्वान स्वाभाविक क्यों है। यह असहिष्णुता या वैचारिक हिंसा की किसी भी अभिव्यक्ति का विरोध करने के लिए फासीवाद शब्द का इस्तेमाल करने जितना ही अनैतिहासिक है। काले अतीत का इस तरह आकस्मिक सहारा अमानवीयता की यादों को कमतर कर देता है। अघोषित आपातकाल की साझा चिंता भारत की सांविधानिकता का सबसे निर्लज्ज उल्लंघन है।

भारत उन लोगों के लिए एक चुनावी निरंकुश शासन है, जो ताकत और दृढ़ संकल्प दिखाने वाली मोदी की दृढ़ विश्वास की राजनीति को गलत समझते हैं। वे अपना हाईकमान स्वयं हैं और अपने इस विश्वास के लिए लड़ते हैं कि सत्ता ही परिवर्तन लाती है। यह अपने आप में एक ऐसे देश में बड़ा सांस्कृतिक बदलाव है, जो सत्ता के लिए संघर्ष को नैतिक महत्व देता है, जिसे सत्ता के खिलाफ संघर्ष से कमतर बना दिया गया है। जो लोग मोदी के भारत पर संविधानेतर होने का आरोप लगाते हैं, वे इसे निरंकुशता मानने की गलती करते हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने को ही लीजिए, जिसे अब भी कुछ लोग बहुसंख्यकवादी अपराध मानते हैं। हम इसे राष्ट्रीय एकता के उच्च उद्देश्य के लिए क्रूर सांविधानिकता के रूप में क्यों नहीं देख सकते यदि भारत में जल्द ही समान नागरिक संहिता बनने जा रही है, तो यह केवल सांविधानिक समानता के आदर्शों पर खरा उतरने के लिए होगा। संस्थानों को कमजोर किए जाने की बात भी गलत है। भारत में न्यायाधीशों का चयन भी तो न्यायाधीशों द्वारा किया जाता है। पूछा जा रहा है कि एक विपक्षी मुख्यमंत्री को जांच और कारावास क्यों दिया गया? क्या हम इसके बजाय 'आप' की अराजनीतिक राजनीति की मजबूर करने वाली कहानी नहीं बता सकते। गांधीवादी प्रतिरोध की कोख से जन्मा आंदोलन कैसे भ्रष्ट लोगों का संघ बन गया है? ऐसा लगता है कि लुप्तप्राय भारत में हितधारकों का एक अलग समूह है, और मोदी निश्चित रूप से उनमें नहीं हैं। शायद यह अब राष्ट्रीय आत्मा की लड़ाई भी नहीं रही। क्या वह लड़ाई पहले ही नहीं जीती जा चुकी है? और विजेता अब भी लोकतंत्र में सबसे बड़े विश्वास मत का लाभ उठाता है, क्योंकि सत्ता ने भविष्य के लिए अभियान को और तेज कर दिया है। शुक्र है कि अतीत की याद दिलाता इंडिया केवल संक्षिप्त शब्द है।

**- साभार, यह लेखक के विचार हैं।**

## हनुमान जयंती पर विशेष

# उन्नत जीवन का आधार है हनुमान भक्ति

**ललित गर्ग**

भगवान हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। रामभक्त हनुमान बल, बुद्धि और विद्या के सागर तो थे ही, अष्ट सिद्धि और नौ निधियों के दाता और ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे उन्नत जीवन के आधार है। उनसे सफल एवं सार्थक जीवन के प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दुःखों को हरते हैं। वे मंगलकर्त्ता एवं विघ्नहर्त्ता हैं।

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक लोकप्रियता प्रदान की है। तैंतीस करो? देवी-देवताओं में मात्र हनुमान ही ऐसे हैं जिनकी आधुनिक युग में सर्वाधिक पूजा की जाती है और जन-जन के वे आस्था के केन्द्र हैं। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमान का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है। इससे अहं नहीं, निर्दोष शिशुभाव जागता है। क्रोध नहीं, क्षमा शोभती है। कष्टों में मन का विचलन नहीं, सहने का धैर्य रहता है। उत्कृष्ट विलक्षणताओं के प्रतीक हनुमान पूर्ण मानव थे। कहते हैं कि ब्रह्मा ने जब मनुष्य का निर्माण किया तो उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई, क्योंकि उन्हें यह अनुभूत हुआ कि उनके द्वारा सृष्ट मानव ईश्वर का साक्षात्कार करने में समर्थ है। मानव न केवल संपूर्ण प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है, प्रत्युत वह अपनी साधना के द्वारा ब्रह्मपद को भी प्राप्त कर सकता है। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये।

भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमान में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमान की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है।

हनुमान को बुद्धिमानों में अग्रगण्य माना जाता है। ऋग्वेद में उनके लिए 'विश्ववेदसम्' शब्द का प्रयोग किया गया है। इसका अभिप्रेत अर्थ है- विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ। हनुमान अपने युग के विद्वानों में अग्रगण्य थे। उनकी गणना सामान्य विद्वानों में नहीं, बल्कि विशिष्ट विद्वानों में की जाती थी। वाल्मीकि रामायण में हनुमान को महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों



विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था।

हनुमान की विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब हनुमान ने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे।

प्राचीन भारत की सर्वश्रेष्ठ भाषा संस्कृत और व्याकरण पर हनुमान का असाधारण अधिकार था। हनुमान ने सूत्र, वृत्ति, वार्तिक, महाभाष्य तथा संग्रह का भली-भांति अध्ययन किया था। अन्यान्य ग्रंथों तथा छंद-शास्त्र के ज्ञान में भी उनकी समानता करनेवाला कोई नहीं था। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमान नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी।

मारुति नंदन, परमवीर, श्रीराम भक्त हनुमानजी की पवित्र मन से की गयी साधना और भक्ति चमत्कारपूर्ण परिणाम देने वाली है। हनुमानजी शिव के अवतार माने जाते हैं और ग्यारहवें रुद्र के रूप में इनकी मान्यता है। कहते है-मर्यादा पुरुषोत्तम राम की सार्वकालिक सेवा करने एवं रावण-वध में उनका सहयोग करने के लिए भगवान राम का अवतार लेने से पूर्व ही त्रेतायुग में शिवजी ने अपने ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतार लिया था। वह 'हनुमानजी' के पवित्र लोकोपकारी नाम से विख्यात हुए। महादेव का हनुमान के रूप में अवतरण लेने के सन्दर्भ में कहा जाता है कि भगवान विष्णु महादेव के इष्ट देव हैं। वे उनके श्रीचरणों के शाश्वत पुजारी हैं। त्रेतायुग में रावणादि राक्षसों का सकुल संहार करके उनका उद्धार करने के लिए ही भगवान विष्णु अयोध्या के महाराज दशरथ के यहां अपनी सोलह कलाओं सहित पुत्र रूप में अवतरित हुए। अतः उनकी सेवा करने के लिए महादेव ने हनुमान के रूप में अवतार लिया।

तंत्र शास्त्र के आदि देवता और प्रवर्तक भगवान शिव हैं। इस प्रकार से हनुमानजी स्वयं भी तंत्र शास्त्र के महान पंडित हैं। समस्त देवताओं में वे शाश्वत देव हैं। परम विद्वान एवं अजर-अमर देवता हैं। वे अपने भक्तों का सदैव ध्यान रखते हैं। उनकी तंत्र-साधना, वीर-साधना है। वे रुद्रावतार और बल-वीरता एवं अखंड ब्रह्मचर्य के प्रतीक हैं। अतः उनकी उपासना के लिए साधक को सदाचारी होना अनिवार्य है। उसे मिताहारी, जितेन्द्रिय होना चाहिए। हनुमान साधना करने के लिए हर व्यक्ति उसका पालन नहीं कर सकता, इसलिए इस चेतावनी का सदैव ध्यान रखना चाहिए कि हनुमानजी को सिद्ध करने का प्रयास भौतिक सुखों की प्राप्ति या चमत्कार प्रदर्शन के लिए कभी नहीं करना चाहिए। उनकी भक्ति के माध्यम से भगवान राम के दर्शन तथा उनकी कृपा प्राप्त की जा सकती है। यह भक्ति हृदय की पवित्रता से ही संभव है और इसी से व्यक्ति घर और मन्दिर दोनों में एक-सा होता है। कहा जाता है की श्री हनुमानजी का जन्म ही राम भक्ति और उनके कार्यों को पूर्ण करने के लिए हुआ है। उनकी सांस-सांस में, उनके कण-कण में और खून के कतरे-कतरे में राम बसे हैं। एक प्रसंग में विभीषण के ताना मारने पर हनुमानजी ने सीना चिरकर भरी सभा में राम और जानकी के दर्शन अपने सीने में करा दिए थे।

हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। 'जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ'- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

## पर्यटन स्थल पचमढ़ी में स्वीप गतिविधि से मतदाता जागरूकता की अनूठी पहल




**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन हिल स्टेशन पचमढ़ी में इन दिनों पहुंच रहे सेकड़ो पर्यटकों को सतपुडा एडवेंचर क्लब द्वारा विभिन्न एडवेंचर द्वारा अनूठी पहल की गई है। बाइक राइडिंग, कार राइडिंग, पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया।

### दिव्यांग मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील

# मतदान में हर एक वोट लोकतंत्र के इस महापर्व में नये रंग भरेगा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने अपील जारी कर लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने में दिव्यांग मतदाताओं सहित सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का उपयोग करे एक-एक वोट लोकतंत्र के इस महापर्व में नये रंग भरेगा।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री मीना द्वारा जारी गई अपील में सभी मतदाताओं से कहा है कि लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन 2024 में हम सभी की सहभागिता का अत्यंत महत्व है। लोकतंत्र में हम सभी की भूमिका न केवल प्रदेश में अपितु पूरे देश में अपना एक अलग महत्व रखती है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री मीना ने दिव्यांग मतदाताओं से कहा है कि आपका वोट इस बात का द्योतक होगा कि दिव्यांगता लोकतंत्र निर्माण में बाधक नही है। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं को अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं के लिए अपने वोट के अधिकार के लिए सुगमता से मतदान करने के लिए विशेष सुविधाएं प्रत्येक मतदान केन्द्र पर उपलब्ध कराई गई है। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर, सुविधाजनक रैम्प, पंक्ति रहित मतदान की सुविधा के साथ ही नये दिव्यांगजनो के लिए यदि मतदाता सूची में नाम नही है तो नाम जुड़वाने के लिए मोबाईल एप आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने दिव्यांग मतदाताओं सहित सभी मतदाताओं से अनुरोध किया है कि वे 26 अप्रैल को अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर जाकर अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करे और लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाने में अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करे।

## इटारसी के 3 पटाखा लाइसेंस तथा दो लाइसेंसो के अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त करने के आदेश

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने लोकहित एवं जनसुरक्षा की दृष्टि से पीपल मोहल्ला इटारसी के शेख जुम्मन आ.शेख अहमद, शेख अरमान आ. शेख जुम्मन एवं शेख गुलबहार आ.शेख अहमद की अनुज्ञप्ति लायसेंस विस्टफोटक नियम 2008 के नियम 118 के तहत निरस्त किये गये हैं। इसके अलावा कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने ग्राम भौखेडी तहसील सोहागपुर निवासी महेश आहुजा आत?मज टेकचंद आहुजा एवं हाजी मंजिल के पास इटारसी निवासी अनिल बाजपेयी आ. स्व. नारायण प्रसाद बाजपेयी को पूर्व में जारी अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के आदेश जारी किये हैं। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा गतदिनो जारी उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गये हैं।

## शेडो एरिया से मिलेगी मतदान की जानकारी-मोबाइल रनर करेंगे काम

### 11 गांव में नहीं मिलते हैं मोबाइल टावर



**नर्मदापुरम/सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

आगामी लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल को संपन्न होना है सिवनी मालवा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 में जिस मतदान केंद्र पर दूरसंचार अथवा मोबाइल की सुविधा नहीं है निर्वाचन की जानकारी सिवनी मालवा कंट्रोल रूम तक पहुंचने के लिए रनर को नियुक्त किया गया है। इस कार्य के लिए अतिथि शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है विधानसभा क्षेत्र में 11 शैडो एरिया है जहां पर मोबाइल का कवरेज नहीं है जिसमे मतदान केंद्र पलासी, ढेकना, समरघा, मोरघाट पीपल गोटा, भावन्दा, बारासेल,राझी,ओझापुरा दोडी,झुनकर आदि है नोडल अधिकारी के के यादव द्वारा जनपद सभा गृह में प्रशिक्षण दिया 24 अप्रैल को प्रातः 9ः00 बजे से ड्राई रन किया जाएगा रनर वन एवं रनर टू कंट्रोल रूम को सूचना प्रदान करेंगे जिसमें कंट्रोल रूम को बताया जाएगा कि मतदान दल मतदान केंद्र पर पहुंचा या नहीं कितने बजे पहुंचा दिखावटी मतदान प्रारंभ हुआ या नहीं वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के पश्चात प्रत्येक 2 घंटे की रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देना होगा। मतदान समाप्ति के उपरांत मतदान दल रवाना हुआ या नहीं इसकी भी जानकारी मोबाइल से कंट्रोल रूम को देनी होगी।

## आज से 5 दिनों तक कृषि मंडी में रहेगी छुट्टी

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

मंडी प्रागंण में अत्याधिक आवक होने एवं मंडी कर्मचारियो की लोकसभा निर्वाचन मे डयुटी लगी होने के कारण मंडी मे नीलामी कार्य बंद रहेगा। 24 अप्रैल को प्रवेश बंद रहेगा इसके बाद दिनांक 25 और 26 तक निर्वाचन तथा दिनांक 27 अप्रैल को चतुर्थ शनिवार, 28 को रविवार होने के कारण मंडी बंद रहेगी। दिनांक 23 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक आने वाली ट्रालिया ही दिनांक 24 को नीलाम होगी। मंडी प्रबंधक ने कृषक बंधुओ से अपील की है कि दिनांक 24 से 28 तक मंडी में नीलाम कार्य बंद रहेगा। असुबिधा से बचने के लिये कृषक बंधु अपनी कृषि उपज मंडी में ना लावे। तथा दिनांक 29 को पुनः नीलाम कार्य प्रारंभ होकर कार्य दिवसो मे मंडी मे नियमित रूप से नीलाम कार्य जारी रहेगा।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षण में दी महत्वपूर्ण जानकारी

# चारों विधानसभाओं के सेक्टर ऑफिसर एवं पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आगामी 26 अप्रैल 2024 को होने वाले मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में नर्मदापुरम जिले के चारो विधानसभाओं के सेक्टर ऑफिसर एवं पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री मीना ने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी सेक्टर अधिकारियों को बताया कि मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान प्रारम्भ होने से लेकर मतदान समाप्ति तक मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराए। उन्होने कहा कि मतदान केन्द्र के अंदर किसी भी प्रकार की फोटो और वीडियों ना बनाए इसका विशेष ध्यान दे।

कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी सेक्टर ऑफिसरों से कहा कि मतदान का प्रतिशत की जानकारी समय पर दे। उन्होने कहा कि मतदान दल अपना रूट चार्ट देखकर ही डयूटी पर जाए और उसी रूट से वापस आए। निर्वाचन डयूटी के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आए तो तुरन्त अपने सीनियर अधिकारी से संपर्क करें।

कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए महिला कर्मीयों की डयूटी लगी है वे अपने मतदान केन्द्र पर ही रहें और स्थान छोडकर ना जाए। उन्होने कहा कि जो भी मतदान कर्मी के पास ईवीएम मशीन है वे उसको अपने पास ही रखें और ईवीएम मशीन की निगरानी रखें।

कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि सेक्टर ऑफिसर और उनके अधीनस्त कर्मचारियों को पता होना चाहिए की मतदान केन्द्र के अंदर कौन कौन रह सकता है।

कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि पोलिंग बूथ के सदस्य किसी भी प्रकार की जल्द बाजी ना करें, अगर कोई ऐसी स्थिति बनती है तो अपने सहयोगी को बताए। उन्होने कहा कि ईवीएम रिपलेसमेंट में किसी भी प्रकार की देरी ना हो और ना गलती हो इसका विशेष ध्यान दे।

कलेक्टर सुश्री मीना ने सभी सेक्टर ऑफिसर एवं पुलिस अधिकारीयों कहा कि ईवीएम प्रोटोकॉल को अच्छे से पडे और समझे साथ ही अपने अधीनस्त मतदान कर्मियों को बताए। उन्होने कहा कि एक्जिट पोल की समाप्ति के बाद क्लोस बटन को जरूर दबाए।कलेक्टर सुश्री मीना ने प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थीयों को बताया कि ईवीएम मशीन का कोई एक भी पार्टस काम नहीं कर रहा हो उस स्थिति में पूरी मशीन चैंज होगी ईवीएम मशीन का पूरा सेट बदला जाएगा बदलने के बाद उसका मॉक पोल करना होगा इसका ध्यान रहें।

प्रशिक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने बताया कि मतदान कर्मी को जब ईवीएम मशीन प्राप्त हो जाती है तो मतदान कर्मी किसी से मिले नहीं ना ईवीएम मशीन लेकर किसी के पास ना जाए बात करने इस बात का विशेष ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक डॉ सिंह ने कहा कि मतदान कर्मी डयूटी के दौरान अपने किसी परिचित से नहीं मिलेगा ना उसके पास जाएगा। जिस स्थान पर आप रूके हो वही अपने साथ ईवीएम मशीन को साथ रखें।

पुलिस अधीक्षक डॉ सिंह ने बताया कि लॉ एण्ड आडर की स्थिति बन सकती है सुबह और शाम के समय सभी पुलिस कर्मी इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन डयूटी के दौरान पुलिस विभाग के किसी भी प्रकार की आवश्यकता बल की जरूरत हो तो समीपस्थ थाना प्रभारी को सूचित करें। उन्होंने कहा कि कौनसी पार्टी, थाना प्रभारी, सेक्टर प्रभारी है इन सब की सूची आपके पास होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक डॉ सिंह ने कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी बिना बताए कही नहीं जाऐंगे अगर किसी प्रकार की इमरजेंसी हो तो अपने सेक्टर अधिकारी को बता के जाऐंगे। उन्होने कहा कि सभी मतदान कर्मी गम्भीरता पूर्वक डयूटी करें और किसी भी प्रकार की भीड व विवाद की स्थिति में तुरंत अपने सेक्टर पुलिस अधिकारी को सूचित करेंगे।




**सिवनी मालवा।** लोकसभा चुनाव 2024 के परिपेक्ष्य में एरिया डॉमिनेशन करने हेतु आज एसडीओपी राजू रजक थाना प्रभारी उषा मरावी मेघालय पुलिस के ब्रावो वन के असिस्टेंट कमांडेंट प्रदीप एवं इंस्पेक्टर के आर. केमरा एवं मय फोर्स के सिवनी मालवा के मुख्य मार्गो से एवं संपूर्ण बनापुरा में फ्लैग मार्च निकाला गया।

**मेट्रो एंकर** — नवलगांव में 15 दिनों से ग्रामीण अंधेर में रहने को मजबूर

# अधिकारी समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं लाईनमेन अपनी मनमर्जी से कर रहे हैं काम





**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो।**

बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी क्षेत्र में लगातार लापरवाही करते जा रहे हैं जिसका खामियाजा गांव के लोगों को उठाना पड़ रहा है । सिवनी मालवा के विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम नबलगांव में 4 डीपियों पर गांव का लोड डाला गया है जिससे बिजली की व्यवस्थी सुचारू जारी थी । लेकिन एक के बाद एक डीपी जलती रहीं और कर्मचारी दूसरी डीपी पर लोड ट्रांसफर करते रहे । परिणाम यह निकला कि 13 अप्रैल से आधे गांव में अंधेरा छाया हुआ है ।

परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ साथ एसडीएम को भी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी की लापरवाही की शिकायत की है । ग्राम नबलगांव के दिनेशसिंह, युवराजसिंह, सुशीलसिंह, मंगलसिंह, जसवंतसिंह, संतोष सिंह, राधेश्यानम देबड़ा और रामबाई राजपूत ने आरोप लगाते हुए बताया कि 20 दिन पहले एक डीपी जली थी उसका लोड दूसरी डीपी पर डाल दिया जब वह भी जल गई तब लोड तीसरी डीपी पर ट्रांसफर कर दिया इस प्रकार बिजली कर्मचारी की लापरवाही से गांव की चारों डीपी जल गई और गांव अंधेरे में डूब गया । यही नहीं लाईन मेन ने नल जल योजना के लिए लगाई गई डीपी के केबल काटकर कामर्शियल सहित अन्य लोगों को विजली उपलब्ध करा दी जबकि डीपी पर पीएचई विभाग का ताला लगा हुआ है । ग्रामीणों ने बताया कि इस समय गांव में कर्मचारी ने उन अधिकांश घरों की लाईन जोड़ दी जिनका बिल जमा नहीं हुआ है और जो लोग रेग्युलर बिल जमा कर रहे हैं उनके घर अंधेरा पसरा पड़ा है । कामर्शियल कनेशन धारक जसवंतसिंह राजपूत ने बताया कि मेरा कार्मियल कनेक्शन है लेकिन पिछली 13 अप्रेल से बंद है । बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के घोर लापरवाही के चलते ग्रामीणजन चुनाव बहिष्कार की बात कर रहे हैं ।



# एलबीएस महाविद्यालय सिरोंज में मनाया गया पृथ्वी दिवस



सिरोंज, दोपहर मेट्रो। नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पृथ्वी दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। एनसीसी अधिकारी प्रोफेसर महेश भाबोर के मार्गदर्शन में एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने पृथ्वी दिवस पर आम जनता के अंदर पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने और धरती को बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। ग्रह बनाम प्लास्टिक पृथ्वी दिवस 2024 की थीम है। यह थीम प्लास्टिक प्रदूषण के गंभीर खतरे पर प्रकाश डालती है जो हमारे ग्रह और इसके निवासियों को नुकसान पहुंचा कर गंभीर बीमारी की ओर ले जाने के प्रति सजग एवं जागरूक करती है। इस वर्ष पृथ्वी दिवस का लक्ष्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण से प्लास्टिक कचरे को हटाने के लिए जागरूकता बढ़ाना है तथा कार्रवाई करना है। इसके पश्चात समस्त स्टाफ एवं छात्राओं ने महाविद्यालय के गार्डन की सफाई की एवं पौधों में पानी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने कहा कि प्रकृति को संतुलित बनाए रखने के लिए पेड़ पौधों का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रोफेसर संघ प्रिय गौतम ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## प्राण घातक मामले में आरोप सिद्व न होने पर सभी आरोपी बरी

**सिरोंज।** अपारशासन न्यायाधीश सुरेंद्र मेश्राम ने प्राण घातक हमला करने वाले अनिल यादव, सीताराम, सुनील, पर्वत सिंह, कलाबाई, सोनू हरिराम, राजेश, विशाल और बृजेश को दोष मुक्त कर दिया है। सिरोंज पुलिस द्वारा पालीवाल कॉलोनी निवासी 10 लोगों पर 307 का मामला फर्जी तरीके से पंजीकृत किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 मार्च 2020 को रात्रि 9:300 बजे पालीवाल कॉलोनी में लॉकडाउन के संबंध में दिए गए आदेश का पालन न कर लोक सेवक के आदेशों का उल्लंघन आरोपी गणों द्वारा किया गया।

### पथरिया सचिव पर कूप की राशि निकलवाने के बदले में 10000 मांगने की एसडीएम से की शिकायत

# बहनों ने लाडली का लाभ नहीं दिलाने के लगाए आरोप

सिरोंज, दोपहर मेट्रो। भ्रष्टाचारियों पर लगाम लगाने के लिए कई लोकायुक्त विभाग के द्वारा भी कार्रवाई की जा चुकी है इसके बाद भी भ्रष्टाचारी मानते हुए नहीं दिख रहे हैं। दूसरी ओर सिरोंज का नाम पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार के लिए हमेशा चर्चाओं में रहता है। 2 साल पहले तो जनपद का नाम तो करोड़ों के घोटाले के लिए चर्चाओं में आया उसके बाद तत्कालीन सीईओ और दो कर्मचारियों पर लोकायुक्त ने कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया था। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए इस घोटाले का मामला क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने विधानसभा में उठाया था जिसके बाद तत्कालीन सीईओ और दो कर्मचारियों पर कार्रवाई हो पाई थी। इसके बाद भी भ्रष्टाचारी इस गोरख धंधे को बंद करने की जगह पर बढ़ावा दे रहे हैं। सोमवार को पथरिया पंचायत के सचिव पर कूप खनन की राशि निकलवाने के बदले में दस हजार रुपए मांगने की शिकायत एसडीएम हर्षल चौधरी से शपथ पत्र के साथ करते हुए गौरव रघुवंशी ने कहा कि मैं अपने खेत में शासन की योजना के अंतर्गत कुआ करवा रहा हूं पर पंचायत सचिव आनंद सिंह के द्वारा शासन की इस योजना की राशि डालने के बदले में मुझे से 10000 की मांग की जा रही है। पैसे नहीं देने पर मुझे परेशान किया जा रहा है। जबकि मेरी आर्थिक स्थिति इतनी ठीक नहीं है मैं इनको इतने पैसे नहीं दे सकूंगा जबकि मैंने कहा कि सरकार की योजना के तहत नियम के हिसाब से ही कुआ खुद रहा हूं फिर पैसे क्यों मांगे जा रहे हैं मैं पैसे क्यों दूं तो कहा कि जब तक पैसे नहीं दोगे तब तक राशि नहीं डालेगी कई दिनों से मुझे परेशान किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम से पूरे मामले की जांच करवा कर पंचायत सचिव के ऊपर रिश्वत मांगने तथा शासन की योजना का लाभ दिलाने के बदले में मुझे परेशान करने के लिए कार्रवाई करके मुझे कूप योजना की राशि दिलवाई जाए जिससे कि मैं अपने कुए का पूर्ण रूप से निर्माण कर सकूं।



### लापरवाही को लेकर हो चुके हैं सस्पेंड

पिछली साल लापरवाही को लेकर पंचायत सचिव आनंद सिंह को पथरिया से निलंबित कर दिया था पर कुछ दिनों के बाद फिर से इनको इसी पंचायत में तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों और इनकी शिकायत करने वालों कहना है पंचायत सचिव के द्वारा हमें जानबूझकर परेशान किया जा रहा है । वहीं अभी तो आचार संहिता लगी हुई है फिर भी भेदभाव किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सत्ता पक्ष के लोगों के कहने पर ही पंचायत सचिव के द्वारा उक्त पंचायत का काम किया जाता है। इस वजह से विरोधी पक्ष के लोगों के काम नहीं हो रहे हैं । कई लोगों ने आरोप लगाते हुए कि ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत में निष्पक्ष रूप से चुनाव भी नहीं हो पाएगा । अब देखना है कि इस मामले में प्रशासन के द्वारा कितनी ठोस कार्रवाई की जाएगी या फिर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाएगी।

### लाडली बहन से वंचित करने की शिकायत

पथरिया गांव की गुड्डी बाई धनक ने और अन्य महिलाओं ने एसडीएम को आवेदन देते हुए कहा कि हम लोग मजदूरी करते हैं उसे ही अपना जीवन यापन करते आ रहा है फिर भी हमें पंचायत सचिव ने जानबूझकर लाडली बहन योजना में हमारे नाम नहीं जोड़े और हमें परेशान किया आज तक हम लोगों को लाडली बहन योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा हम जैसे मजदूरों को ही जब शासन की सूचना का लाभ नहीं मिलेगा तो किन को मिलेगा इससे अंधायला सकता है कि ग्राम पंचायत के सचिव के द्वारा कितने मनवाएं तरीके से काम किया जा रहा है उक्त मामले की जांच करवरकर पंचायत सचिव पर कार्रवाई करते हुए हमारे नाम लाडली बहन योजना में शामिल करवाए जाएं इसी तरह कई महिलाओं के द्वारा और ग्रामीणों के द्वारा उनकी मनमानियां को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत है की गई है जिनकी अभी जांच चल रही है।

### इनका कहना है -

*मेरे द्वारा अपनी निजी जमीन में शासन की योजना के तहत कुआं खुदवाया जा रहा है उसकी राशि डलवाने के बदले में पंचायत सचिव आनंद सिंह के द्वारा 10000 मांगे गए हैं नहीं देने पर राशि नहीं डलवाई जा रही है। एसडीएम महोदय से शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई है।*

**गौरव रघुवंशी** *शिकायतकर्ता*

*मेरे द्वारा किसी से कोई पैसे नहीं मांगे हैं अभी आरोप निराधार है और गलत हैं। सबसे ज्यादा लाडली बहन के फॉर्म हमारी पंचायत में जमा हुए हैं।*

**आनंद सिंह** *पंचायत सचिव पथरिया*

*जांच करवा रहे हैं पंचायत सचिव को भी बुलवाया है इसके बाद आगे की कार्रवाई हमारे द्वारा की जाएगी यदि हितग्राही से शासन की योजना का लाभ दिलाने के बदले में से पैसे मांगे जा रहे हैं तो गलत है।*

**बंदना शर्मा** *जनपद सीईओ*

*शिकायत के बाद मामले की जांच जनपद सीईओ से करवा रहे हैं। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी यदि पैसे मांगे हैं और पात्र लोगों को शासन की योजना से वंचित रखा गया है तो हम कार्रवाई भी करेंगे।*

**हर्षल चौधरी** *एसडीएम*

# बोतल और पाउच में बंद अमानक पानी बिगाड़ रहा लोगों की सेहत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो। नगर में खुलेआम बिक रहे लोकल ब्रांड के पानी पाउच तथा बोतल, बोतल बंद पानी में न तो षुद्धता का कोई पैमाना तय किया जाता है । इसके चलते महीनो पहले से पैक पानी की ब्रिकी होती रहती है खुलआम बिक रहे इस तरह के पानी पाउच तथा बोतल बंद पानी की न तो कभी जांच की जाती है और नही इनके निर्माताओं पर कभी कार्यावाही की जाती है । गौरतलब हो कि गत वर्षो पूर्व राष्टीय स्तर के कुछ ही ब्रांड के पानी पाउच तथा बोतल मिलती थी जो अब धीरे-धीरे कम हो गई है बीते कुछ वर्षो में लोकल ब्रांड के पानी पाउड की बाढ सी आ गई है । खुले आम बिक रहे ये पानी पाउच सीधे सीधे बीमारियों का घर बना रहे है पानी पाउच में इतनी अषुद्धियां होती है कि हैजा पीलिया जैसी दर्जनों बीमारियों इनके पीने से फैलने की आषंका बनी रहती है । व्यापारियों से खरीदने के बाद स्थानीय रिटेलर द्वारा भी इनके रखरखाव को लेकर सावधानी नही बरती जाती तथा पानी पाउच की कट्टी को भी दुकान के कोने में पटक दी जाती है ।



### जिम्मेदारों द्वारा समय-समय पर नही करते कार्यावाही

नियमानुसार खाद्य सामाग्री पानी पाउच आदि की जांच खाद्यय विभाग द्वारा की जानी चाहिए लेकिन विभाग द्वारा कब जांच हो जाती है यह पता नही चल पाता है जिससे निर्माताओं के हौसले बुलंद है ।

### नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होता है पानी पाउच का ज्यादा इस्तेमाल

बाजार में बोतल बंद पानी की तुलना में पानी पाउच की खपत ग्रामीण क्षेत्रो में सबसे अधिक ब्रिकी होती है देखने में आता है कि षादी समारोह में पानी की कट्टियां सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्रो के लोग ले जाते है और रिटेलर भी उनसे ज्यादा पैसे लेते है हर सीजन में पानी पाउच बेचने वाली चार छः लोकल कंपनी और बढती जा रही है । देखा जाए तों एक और जहां अषुद्ध पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है ।

### पानी पाउच बेचा जाता है मनमाने दाम में

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में पानी के पाउच की कीमत 50 पैसे की होती है जिसे 2 रू से 3 रू तक बेचा जाता है मगर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस पर कोई कार्यावाही नही की जाती है । जिससे मनमाने दामो में नगर व ग्रामीण क्षेत्रो में पानी के पाउच बेचे जाते है ।

### लंबित आवेदनों की कलेक्टर ने समीक्षा की

# खुले बोरवेल की सूचना देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा



सिरोंज, दोपहर मेट्रो। कलेक्टर ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन की जिलों की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची में विदिशा जिला तीसरे स्थान पर होने पर सभी अधिकारियों के प्रति साधुवाद व्यक्त करते हुए कहा कि इस स्पीड को बनाए रखें ताकि भविष्य में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल स्थिति में आ सके।

कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम व खंड स्तरीय अधिकारी भी आवेदनों के निराकरण मामले में ऐसी ही गंभीरता बरतेंगे ताकि रैंकिंग सूची में किसी भी प्रकार से जिले की रैंकिंग में गिरावट ना हो। उन्होंने सीहोर जिला लगातार अव्वल स्थान पर कैसे बना है के अध्ययन पर बल दिया है। बैठक के दौरान पीएम जनमन अभियान के तहत संपादित किए जाने वाले कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने अभियान के निहित बिन्दुओं से शत प्रतिशत लाभांवित कराने के लिए निर्धारित मापदण्डो के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार से चूक ना हो पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री वैद्य ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में किए जा रहे प्रबंधो की भी बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हर एक मतदान केन्द्र पर बुनियादी आवश्यकताओ की पूर्ति सुनिश्चित कराई जाए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरेक मतदान केन्द्र पर बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जानी है अतः ऐसे मतदान केन्द्र जहां अभी तक बिजली की व्यवस्था नहीं हो पाई है उन मतदान केन्द्रो के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता से बिजली के अस्थायी कनेक्शन की प्रक्रिया कराए जाने के कार्य दो दिवस में पूरे किए जाएं। इसी प्रकार हरेक मतदान केन्द्र पर दो-दो चार्जेबल बल्व भी लगाए जाने है ततसंबंध में डीपीसी को आवश्यक निर्देश दिए गए है इसी प्रकार स्कूल शिक्षा विभाग, आंगनबाडी भवनो व अन्य विभागो के भवनो में स्थापित मतदान केन्द्रो में तमाम प्रबंध पूरे कराए जाने के संबंध में भी आवश्यक मार्गदर्शन दिया है।

### खुला बोरवेल पाए जाने पर सूचनाकर्ता को दिया जाएगा नगद इनाम

कलेक्टर ने जिले में कहीं भी खुला बोरवेल पाए जाने पर सूचनाकर्ता को नगद इनाम राशि देने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने ततसंबंध में बताया कि पूर्व में जारी निर्देशानुसार इनाम की राशि ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत के द्वारा प्रदाय की जाएगी वहीं शहरी निकाय क्षेत्रों में संबंधित बोरवेल कराने वाले से इनाम की राशि वसूल कर सूचनाकर्ताओं को दिलाए जाने का प्रावधान है। कलेक्टर श्री वैद्य ने कहा कि बोरवेल असफल होने पर भी उसे इस प्रकार से ढका जाए कि किसी भी प्रकार की अनहोनी ना होने पाए। इसी प्रकार की प्रक्रिया जल स्त्रोत सूख जाने के कारण, केसिंग पाइप निकालने के कारण निर्मित ना हो पर विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सभी एसडीएमो व जनपद सीईओ को भी ततसंबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# सोमवार को 16000 से अधिक बोरों की हुई आवक, जाम से नहीं मिली मुक्ति



सिरोंज, दोपहर मेट्रो। सबसे ज्यादा व्यस्ततम क्षेत्र में कृषि उपज मंडी संचालित होने के कारण आम से लेकर खास को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरों किसानों को भी प्रतिदिन जाम के कारण कठिनाइयों के बीच अपनी उपज बेचनी पड़ रही है । रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को कृषि उपज मंडी में 16000 से अधिक बोरो की आवक हुई दोपहर 4 बजे से लेकर शाम 7:00 बजे तक मंडी बाईपास रोड पर जाम के कारण सभी लोग परेशान होते रहे क्योंकि बड़े शहरों को जाने के लिए भी यही रास्ता है इस वजह से यह रास्ता सबसे ज्यादा व्यस्त रहता है । वहीं सड़कों के दोनों और लापरवाही से वाहन भी खड़े रहते हैं इनको हटाने का काम भी आता है। यातायात पुलिस के द्वारा नहीं किया इस वजह से यह समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है । दूसरी ओर दामों में गिरावट होने से मंडी की आवक में भी गिरावट देखने को मिली।

## मौसम: अचानक बदलाव हुई सुबह बारिश

**सिरोंज।** सोमवार को मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिला सुबह तेज धूप के बीच एकदम से आसमान पर बादलों ने डेरा जमाया और बारिश का दौर शुरू हो गया थोड़ी देर तक बारिश होती रही फिर दिन भर बादलों की लुका छुपी का दौर चलता इस वजह से गर्मी और उमस के कारण लोगों को जरूर परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट भी दर्ज हो गए इस वजह से जितनी गर्मी पढ़नी चाहिए उतनी गर्मी नहीं पड़ रही है ।आने वाले दिनों में इसी तरह का मौसम रहने की संभावना मौसम विभाग के द्वारा जारी की गई है।

**मेट्रो एंकर**

### भाजपा प्रत्याशी ने सिरोंज विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्रामों का किया दौरा

# भारत माता को परम वैभव पर ले जाने वाले यज्ञ में प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने समर्पण की आहूति देने की आवश्यकता: लता वानखेडे





सिरोंज, दोपहर मेट्रो। भारत माता को परमवैभव पर ले जाने हेतू होने वाले इस महायज्ञ में प्रत्येक कार्यकर्ता को मेहनत और समर्पण रूपी आहूति देने की आवश्यकता है उक्त बात लोकसभा क्षेत्र सागर से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेडे ने सिरोंज विधानसभा स्थित ग्राम टोरी बागरोद में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कहीं साथ ही उन्होने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता और मतदाता भारत की तस्वीर और तकदीर बदलने में सहभागी बनें आज आप सभी को अपने परिवार, अपने गॉव , अपनी समाज , और अपने राष्ट्र के हित को लेकर विचार करने की आवश्यकता है आज देश में मोदी जी के नेतृत्व में अनेको योजनायें चलाकर देश को परम वैभव की और ले जाने के लिये जो कार्य किये वह ऐतेहासिक और अतुलनीय है आज हमारी मोदी सरकार ने महिलाओ के हित में अनेको योजनाओ लखपति दीदी, लाडली लक्ष्मी , लाडली बहना सहित अनेक योजनाओ से महिलाओ को सशक्त करने का कार्य किया है वही लता जी के आगमन पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया जिसमे कार्यकर्ताओ ने जेसीबी पर खडे होकर पुष्पवर्षा की , वही कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से किया गया साथ ही लोकसभा प्रत्याशी लता वानखेडी जी का बडी माला से स्वागत किया गया ।

### ऐतिहासिक मतो से विजयी बनाने के लिये संकल्पित हों कार्यकर्ता : विधायक शर्मा

अब वो समय आ गया है जब हमें अपनी लोकसभा से कमल खिलाना है लोक सभा के चुनाव प्रारंभ हो गया है मोदी विरोधी ताकते अपने अपने जाल बिछाकर मतदाताओ को गुमराह करने का कार्य कर रही है लेकिन हमें यह समझना होंगा कौन कौरव है और पांडव कौन सनातन का हितैशी है और कौन सनातन का विराधी है क्योंकि आपका एक-एक वोट देश की दिशा और दशा तय करेगा उक्त बात क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा ने टोरी बागरोद स्थित कार्यक्रम के दौरान कहीं वही उन्होने कहा कार्यकर्ताओ से कहा कि आप लोगो ने मुझे जितने वोटो से जिताया था उससे कहीं गुना अधिक वोटो से हमारी लोकसभा की लोक प्रिय प्रत्याशी लता वानखेडे को जिताकर लोक सभा में भेज कर मोदी जी हाथ मजबूत करना है वही उन्होने कहा कि इस समय में देश का सबसे बडा नेता कोई है तो वह नरेन्द्र मोदी है जो प्रतिदिन राक्षसो से लडकर उन्हे हराकर देश की सेवा में लगा हुआ है आज हमें अर्जुन की तरह बनना है जिससे सिर्फ चिंडिया की आंख दिखाई देती है उसी प्रकार हमें भी सिर्फ और सिर्फ कमल कमल दिखना चाहियें । इसके साथ ही रमेश यादव , संतोष चौरे , दरयाव पटेल कुर्मी , राहुंल मारन के द्वारा भी अपने अपने विचार व्यक्त किये गयें ।

# एशियाई रोइंग कप: सलमान और नितिन की जोड़ी को स्वर्ण

*भारतीय नौकायन एथलीट बलराज पंवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता*



**चुंगजू, दक्षिण कोरिया. एजेंसी**

सलमान खान और नितिन देयोल की भारतीय पुरुष डबल स्कल्स जोड़ी ने एशियाई रोइंग कप में 6:35:73 के समय संग स्वर्ण पदक जीता। भारतीय नौकायन एथलीट बलराज पंवार ने एशिया ओसिनियाई रोइंग ओलंपिक क्वालीफिकेशन रेगेटा की पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। बलराज पंवार ने इसके 7:01:27 मिनट का समय निकाला और भारत को रोइंग में ओलंपिक के लिए पहला कोटा दिलाया। कजाकिस्तान के व्लादिस्लाव याकोवलेव ने स्वर्ण पदक जबकि इंडोनेशिया के मेमो ने रजत जीता।

### पैरा मिक्स डबल में नारायण व अनीता को ओलंपिक कोटा

नारायण कोंगनापल्ले और अनीता ने पैरा मिक्स डबल स्कल्स में बेहतरीन प्रदर्शन किया और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया। भारतीय जोड़ी ने 7:50:80 का समय निकाला और ओलंपिक कोटा मार्क हासिल किया।

### अरविंद-उज्जवल की जोड़ी कोटे से चूकी

टोक्यो ओलंपियन अरविंद सिंह और उज्जवल कुमार ने पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स में कांस्य पदक जीता, लेकिन वे पेरिस ओलंपि का टिकट हासिल नहीं कर सके। इस स्पर्धा में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाले को ही ओलंपिक का टिकट मिला। भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों ने यहां खेले जा रहे एशियन ओलंपिक क्वालीफायर में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन किया। भारत के छह पहलवान सुनील (87 किग्रा), सुमित (60 किग्रा), विकास (77 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), आशू (67 किग्रा) और नवीन (130 किग्रा) वर्ग में पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने का लक्ष्य लेकर उतरे थे, लेकिन सभी को हार मिली।

## आईपीएल: सीजन में दूसरी बार भिड़ेंगी लखनऊ व चेन्नई

# मुंबई की राह मुश्किल, आज टॉप-2 में आ सकती है चेन्नई

**बेंगलुरु, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 38 मैच पूरे हो गए हैं। सोमवार को राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से हराया। इस नतीजे से राजस्थान 14 पॉइंट्स के साथ क्वालिफिकेशन के करीब पहुंच गई। वहीं मुंबई इंडियंस 5 हार के बाद प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर पहुंच चुकी है।

### आज टॉप-2 में आ सकती चेन्नई

आईपीएल में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपरजायंट्स से चेन्नई में होगा। चेन्नई 7 मैचों में 4 जीत और 3 हार से 8 पॉइंट्स लेकर चौथे नंबर पर है। लखनऊ को हराने पर टीम 10 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर ही रहेगी। अगर जीत 70 या उससे ज्यादा रन के अंतर से रही तो टीम दूसरे नंबर पर भी पहुंच सकती है। हारने पर टीम 5वें नंबर पर पहुंच जाएगी।

### लखनऊ के पास टॉप-4 में आने का मौका

लखनऊ सुपरजायंट्स भी 7 मैचों में 4 जीत और 3 हार से 8 पॉइंट्स लेकर पांचवें नंबर पर है। चेन्नई को हराकर टीम 10 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर पहुंच जाएगी। अगर जीत 80 या उससे ज्यादा रन के अंतर से रही तो टीम तीसरे नंबर पर भी पहुंच सकती है। 100 से ज्यादा रन के अंतर से जीतकर टीम टॉ-2 में भी आ सकती है। हारने पर टीम 5वें नंबर पर ही रहेगी। इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में आज चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना लखनऊ सुपरजायंट्स से होगा। मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से शुरू खेला जाएगा। टॉस शाम 7 बजे होगा। ष्टस्द्ब और रुस्त्र का इस सीजन दूसरी बार सामना होगा। पिछली बार लखनऊ को 8 विकेट से जीत मिली थी। दोनों टीमों का इस सीजन आज आठवां मैच होगा। दोनों को 7 में से 4 में जीत और 3 में हार मिली है।




### राजस्थान क्वालिफिकेशन से 2 जीत दूर

सोमवार को मुंबई इंडियंस ने पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए। राजस्थान ने 19वें ही ओवर में एक विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। राजस्थान के अब 8 मैचों में 7 जीत से 14 पॉइंट्स हो गए हैं। टीम को एकमात्र हार गुजरात के खिलाफ मिली। राजस्थान 14 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर बरकरार है। मुंबई को 8 मैचों में 5वीं हार मिली, टीम 3 जीत से 6 पॉइंट्स के साथ 7वें नंबर पर ही मौजूद है। मुंबई को अब क्वालिफाई करने के लिए आखिरी 6 में से 5 मैच जीतने ही होंगे।

### आज सिक्सर किंग बन सकते हैं पूरन

17वें सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स एसआरएच के हेनरिक क्लासन ने लगाए हैं, उनके नाम 7 मैचों में 26 छक्के हैं। आज एलएसजी के निकोलस पूरन 7 सिक्स लगाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं। 17वें सीजन में सबसे ज्यादा चौके एसआरएच के ट्रैविस हेड ने लगाए हैं, उनके नाम 39 चौके हैं। एमआई के रोहित शर्मा 31 चौकों के साथ चौथे नंबर पर पहुंचे। वहीं ऋऋके संजू सैमसन 29 चौकों के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गए। आज सीएसके के ऋतुराज गायकवाड 14 चौके लगाकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

### ऑरेंज कैप अब भी विराट के पास

आरसीबी के विराट कोहली अब भी 17वें सीजन के टॉप रन स्कोरर हैं। उनके नाम 8 मैचों में 379 रन हैं। आरआर के रियान पराग तीसरे और संजू सैमसन चौथे नंबर पर मौजूद हैं। पराग के 318 और सैमसन के 314 रन हैं। एमआई के रोहित शर्मा भी 303 रन के साथ पांचवें नंबर पर पहुंच गए।

### 3 गेंदबाजों के नाम 13-13 विकेट

एमआई के जसप्रीत बुमराह टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर हैं। उनके नाम 8 मैचों में 13 विकेट हैं। इतने ही विकेट आरआर के युजवेंद्र चहल और हर्षल पटेल के नाम भी हैं। एमआई के जेराल्ड कूट्जी 12 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं। आज मुस्तफिजुर रहमान 4 विकेट लेकर टॉप पर पहुंच सकते हैं।

### मुस्तफिजुर सीएसके से टॉप विकेट टेकर

5 बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स इस बार 3 मैच हार चुकी है, टीम को 4 में से 3 जीत चेपॉक के मैदान पर ही मिली। आज का मैच भी चेपॉक में होगा, इसलिए टीम के जीतने की संभावनाएं भी ज्यादा है। हालांकि टीम को 3 हार लखनऊ, दिल्ली और हैदराबाद के खिलाफ मिली है और आज टीम फिर एक बार लखनऊ का सामना करने जा रही है। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वे 7 मैचों में 245 रन बना चुके हैं। कप्तान ऋतुराज गायकवाड 241 रन के साथ दूसरे नंबर पर हैं। मुस्तफिजुर रहमान और मथीश पथिराना इस सीजन अच्छा कर रहे हैं। मुस्तफिजुर 11 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं।

### राहुल एलएसजी के टॉप स्कोरर

लखनऊ ने सीजन का पहला मैच राजस्थान के खिलाफ गंवाया लेकिन इसके बाद लगातार 3 मैच जीते। दिल्ली और कोलकाता ने टीम को हराया लेकिन पिछले मैच में टीम ने चेन्नई को हराकर कमबैक भी किया। कप्तान केएल राहुल लखनऊ के टॉप रन स्कोरर हैं, उन्होंने 7 मैच में 286 रन बनाए हैं। यश ठाकुर 8 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं।

## कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट: अंकतालिका में शीर्ष पर जगह

# गुकेश ने 13वीं बाजी में फ्रांस के 20 वर्षीय खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा को शिकस्त दी

**टोरटो, एजेंसी**



भारत के 17 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश यहां खेले जा रहे कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट खिताब जीतकर इतिहास रचने से सिर्फ एक जीत दूर रहे गए हैं। गुकेश ने शानदार प्रदर्शन कायम रखते हुए 13वीं बाजी में फ्रांस के 20 वर्षीय खिलाड़ी अलीरेजा फिरोजा को शिकस्त दी और अंकतालिका में शीर्ष पर जगह बना ली। वह 8.5 अंकों के साथ तालिका में एकल बढ़त पर हैं और टूर्नामेंट में अब सिर्फ एक बाजी शेष रह गई है। 19 वर्षीय आर प्रग्गनानंदा को 13वीं बाजी में फाबियानो के खिलाफ हार झेलनी पड़ी जबकि विदित गुजराती ने ईरान के निजात अबासोव के साथ ड्रॉ खेला। प्रग्गनानंदा के छह और विदित के 5.5 अंक हैं। हालांकि गुकेश के लिए राह आसान नहीं होगी। नाकामूरा के खिलाफ गुकेश को काले मोहरों से खेलना है। ऐसे में नाकामूरा को सफेद मोहरों से खेलना का फायदा मिल सकता है। नाकामूरा ने पिछली बाजी रूस के इयान नेपोम्नियाचची के साथ ड्रॉ खेली है।



## मेट्रो बाजार

# हांगकांग ने भारतीय मसालों की बिक्री पर लगाई रोक

**नईदिल्ली, एजेंसी**

हांगकांग की सरकार ने भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हांगकांग की सरकार का दावा है कि जांच में इन मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। हांगकांग सरकार ने मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। इससे पहले सिंगापुर की सरकार ने भी भारतीय मसाला ब्रांड्स पर रोक लगा दी थी। हांगकांग के सेंटर फॉर फूड सेफ्टी विभाग ने बताया है कि कई मसाला उत्पादों में कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड मिला पाया गया है। हांगकांग की सरकार ने लोगों से इन उत्पादों का सेवन नहीं करने की अपील की है और साथ ही इन उत्पादों की बिक्री पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने का निर्देश दिया। जिन मसालों पर रोक लगाई गई है, उनमें एमडीएच का उत्पाद मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला मिक्स मसाला पाउडर और करी पाउडर मिक्स मसाला और एवरेस्ट का उत्पाद फिश करी मसाला शामिल है। हांगकांग की सरकार ने इन उत्पादों के आयात पर रोक लगाने और तुरंत उन्हें दुकानों में बिक्री की जगह से हटाने के निर्देश के साथ ही पहले से मौजूद उत्पादों को वापस भेजने का निर्देश दिया था। हांगकांग सरकार के अधिकारियों ने रुटीन फूड सर्विलांस के दौरान तीन रिटेल दुकानों से इन मसालों के सैंपल लिए थे। इन सैंपल्स की जांच में ही इनमें कीटनाशक एथीलीन ऑक्साइड के होने का दावा किया गया। कैंसर पर रिसर्च करने वाली एक अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने बताया कि एथीलीन ऑक्साइड इंसानों में कैंसर का कारण बन सकता है।

# वोडफोन-आइडिया ने एफपीओ से जुटाए 18 हजार करोड़

**मुंबई, एजेंसी।** कर्ज के बोझ से दबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड ने देश की अब तक की सबसे बड़ी फॉलो-ऑन पेशकश (एफपीओ) में 18,000 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार संस्थागत निवेशकों की ओर से यह इश्यू करीब सात गुना अधिक सब्सक्राइब किया गया। एफपीओ बंद होने के दौरान 8,011.29 शेयरों की मांग की गई। इश्यू के आकार का करीब 6.99 गुना है। यह अब तक का किया गया सबसे अधिक सब्सक्रिप्शन है। कंपनी को 88,124 करोड़ रुपये की बोलियां मिलीं है, लेकिन एफपीओ पेशकश के आकार के अनुसार कंपनी अपने पास 12,600 करोड़ रुपये ही रखेगी। बाजार हिस्सेदारी से पहले 490 करोड़ शेयर बेचकर एंकर निवेशकों से एकत्र किए गए 5,400 करोड़ रुपये के साथ कंपनी ने एफपीओ के जरिए 18,000 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। पात्र संस्थागत खरीदारों ने उनके लिए आरक्षित शेयरों के 19.31 गुना की बोली लगाई, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों ने उनके लिए निर्धारित शेयरों के 4.54 गुना के लिए बोली लगाई। शेयरों की पेशकश 10-11 रुपये के प्राइस बैंड में की जा रही थी, जो शेयर के ट्रेडिंग प्राइस से कम थी। एनसीएलटी की दो सदस्यीय दिल्ली पीठ ने जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड के चेयरमैन एमेरिटस चंद्रा के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया, जो एस्सेल समूह की कंपनी विवेक इंफ्राकॉन लिमिटेड को दिए गए।



## मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

### नताशा के साथ गोद भराई की तस्वीरें वायरल



**एक्टर वरुण धवन पापा बनने वाले हैं...**


बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन शादी के तीन साल बाद पिता बनने वाले हैं। रविवार को नताशा दलाल की गोद भराई सेरेमनी हुई, जिसकी तस्वीरें और वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और नताश दलाल के घर में बहुत जल्द किलकारी गूंजने वाली है। रविवार को नताशा दलाल की गोदभराई हुई, जिसमें कपल की फैमिली और करीबी लोग मौजूद रहे। इस दौरान नताशा दलाल की गोद भराई की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। सोशल मीडिया पर शेयर की गई इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि नताशा दलाल व्हाइट फ्लोरल ऑफ शोल्डर आउटफिट में बहुत प्यारी लग रही हैं। उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो साफ नजर आ रहा है। उन्होंने अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट किया है। इन तस्वीरों में वरुण धवन व्हाइट टी-शर्ट के साथ ब्लू फ्लोरल शर्ट पहने हुए नजर आ रहे हैं। कपल कैमरे के सामने अपने दोस्तों के साथ पोज देता हुए दिख रहा है।

### वरुण-नताशा ने एक दूसरे को खिलाया केक

*नताशा दलाल की गोद भराई की एक वीडियो भी इंस्टाग्राम पर सामने आई है। इस वीडियो में नताशा और वरुण एक दूसरे को केक खिलाते नजर आ रहे हैं। वरुण धवन की मां लाली धवन गाने पर डांस करती दिख रही हैं साथ ही वीडियो में पिता और फिल्ममेकर डेविड धवन भी नजर आ रहे हैं। वरुण धवन और नताशा दलाल शादी के तीन साल बाद पैरेंट्स बनने जा रहे हैं। एक्टर ने इस साल फरवरी महीने में ये खुशखबरी अपने फैंस से शेयर की थी।*

# 'कुली' से एक्शन का धमाका करने को तैयार सुपर स्टार रजनीकांत

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म देखने के लिए उनके प्रशंसक हमेशा बेकरार रहते हैं। अभिनेता के देश-विदेश में करोड़ो प्रशंसक हैं। बहुत दिनों से वो रजनीकांत को निर्देशक लोकेश कनगराज के साथ किसी फिल्म में काम करते हुए देखना चाहते थे। पिछले साल सितंबर में उनकी उम्मीदें पूरी होते हुई दिखीं। अभिनेता की निर्देशक के साथ फिल्म की घोषणा हुई और उसकी शूटिंग भी शुरू हो गई। अब उसी फिल्म की पहली झलक सामने आ चुकी है। निर्माताओं ने फिल्म के शीर्षक का भी खुलासा किया है।




### टीजर आया सामने

रजनीकांत की फिल्म का टीजर सामने आ चुका है। टीजर ने अभिनेता के प्रशंसकों के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। फिल्म के टीजर में रजनीकांत बॉसी लुक में नजर आ रहे हैं। वह जबर्दस्त एक्शन करते हुए दिख रहे हैं। तीन मिनट के इस टीजर में फैंस को सिर्फ अभिनेता का एक्शन देखने को मिला है। टीजर के अंत में फिल्म का टाइटल 'कुली' दिया गया है।

### चार भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म

रजनीकांत की 171वीं बहुप्रतिक्षित फिल्म चार भाषाओं मे रिलीज की जाएगी। फिल्म को तमिल, तेलुगु, हिंदी और मलयालम भाषा में रिलीज किया जाएगा। फिल्म का प्रोडक्शन 'सन पिक्चर्स' के बैनर तले हुआ है। यह पहली बार है जब लोकेश कनगराज और रजनीकांत एक साथ नजर आ रहे हैं। इससे पहले लोकेश विजय के साथ ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके हैं। फिल्म के बाकी स्टारकॉस्ट को लेकर अभी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

# मानुषी बनीं नॉन वेजिटेरियन बोलीं- फिल्म के लिए मसल्स बिल्ड करने थे, पापा की सलाह पर खाया मीट



बॉलीवुड स्टार्स फिल्मों में अपने किरदारों के लिए फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ-साथ अपनी आदतों को भी बदलने से परहेज नहीं करते। इस लिस्ट में मानुषी छिल्लर का नाम भी शामिल हो गया है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के लिए मानुषी वेजिटेरियन से नॉन-वेजिटेरियन बन गईं। मानुषी को ऐसा क्यों करना पड़ा, इसका कारण उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया है। एक इंटरव्यू में मानुषी ने कहा, मैं ताउम्र अपनी लाइफ में वेजिटेरियन रही। मैंने हमेशा से ये सोचा था कि मैं कभी नॉन वेज नहीं खाऊंगी लेकिन तभी मैंने बड़े मियां छोटे मियां साइन की। फिर मुझे कोविड को गया। मैं बहुत डर गई क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वेट कम हो क्योंकि मुझे फिल्म के लिए मसल्स बिल्ड करने थे।

मानुषी ने आगे कहा, तब मेरे पिता जो कि एक डॉक्टर हैं, उन्होंने मुझे मीट खाने की सलाह दी। पापा इस दौरान मेरी डाइट का बहुत ध्यान रखते थे। मैं उनसे हमेशा कहती थी कि प्लीज कुछ ऐसा बना दीजिए जो चिकन जैसा न लगे। वो डाइनिंग टेबल के पास बैठ जाते थे और मुझसे जबरदस्ती मेरा खाना फिनिश करवाते थे।

मानुषी बोलीं, 'बड़े मियां छोटे मियां' की ज्यादातर शूटिंग जॉर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन में हुई है और स्कॉटलैंड में ज्यादा वेज ऑप्शन नहीं मिलते थे और मीट ही मेरे लिए प्रोटीन का सबसे आसान सोर्स हुआ करता था। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार, मानुषी छिल्लर, टाइगर श्रॉफ और अलाया एफ ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म में अक्षय कुमार, मानुषी छिल्लर, टाइगर श्रॉफ और अलाया एफ ने मुख्य भूमिका निभाई।

### 'बड़े मियां छोटे मियां' को नहीं मिला अच्छा रिस्पॉन्स

11 अप्रैल को रिलीज हुई 'बड़े मियां छोटे मियां' में मानुषी के अलावा अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ ने मुख्य भूमिका निभाई है।फिल्म में मानुषी अक्षय कुमार के अपोजिट नजर आई हैं। 350 करोड़ के बजट में बनी फिल्म को कोई खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। फिल्म 11 दिन में करीब 55 करोड़ ही कमा पाई है।



रोड शो मार्ग का पुलिस अधिकारी जायजा लेते हुए।





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भोपाल रोड शो को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने की रिहर्सल

## बम डिस्पोजल एवं डॉग स्क्वाड की मदद से हुई चैकिंग, ड्रोन से रखी जा रही नजर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रधानमंत्री बुधवार को भोपाल प्रवास रहेंगे। उनका शाम को रोड शो प्रस्तावित है। रोड शो और प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने सोमवार शाम रिहर्सल की और सुरक्षा व्यवस्था के आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान बम डिस्पोजल एवं डाग स्क्वायड द्वारा पूरे मार्ग के दोनों तरफ मौजूद दुकानों, ज्वैलर्स के शोरूम और अन्य स्थानों पर चैकिंग की। बुधवार शाम सवा 7 बजे से रात सवा आठ बजे तक प्रधानमंत्री का रोड शो प्रस्तावित है। यह रोड शो मालवीय नगर स्थित एयरटेल तिराहे से प्रारंभ होकर अपेक्स बैंक तिराहे तक पहुंचेगा। इस पूरे मार्ग पर सड़क के दोनों तरफ बैरीकेटिंग लगाई गई है। सोमवार शाम पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने मार्ग का जायजा लिया और जिन स्थानों पर बैरीकेटिंग की कमी मिली, वहां और ज्यादा व्यवस्थाएं बड़ाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री मोदी का कारकेड हेलीपैड से कार के माध्यम से पहुंचेगे। लिहाजा रोड शो के अलावा एयरपोर्ट से लाल परेड मैदान तक सख्त सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

### दोपहर तीन बजे से बंद रहेगा मार्ग

प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाली एसपीजी के मापदंडों के अनुसार कार्यक्रम शुरू होने से करीब 4 घंटे पहले मार्ग बंद पूर्णतः बंद किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से रोड शो वाला मार्ग पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। 3 बजे के बाद अपेक्स बैंक से लाल परेड मैदान तक किसी प्रकार के आम यातायात की अनुमति नहीं होगी। कार्यक्रम में शामिल होने कार्यकताओं को पैदल जाने दिया जाएगा।

### हाईराइज बिल्डिंगों पर तैनात रहेंगे जवान

प्रधानमंत्री के रोड शो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दो दर्जन से ज्यादा आईपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा करीब 2000 पुलिस और अर्धसैनिक बलों के सुरक्षा जवान तैनात रहेंगे। पीएम के आने-जाने वाले मार्ग पर स्थित हाईराइज बिल्डिंग पर सुरक्षा जवान तैनात रहेंगे। इसके साथ ही ड्रोन कैमरों से लगातार नजर रखी जाएगी। करीब एक घंटे तक चलने वाले इस रोड शो की सुरक्षा व्यवस्था की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज मंगलवार को एक बार फिर से पुलिस अधिकारी रोड शो की रिहर्सल करेंगे। इस दौरान सामने आने वाली कमियों को दूर किया जाएगा। पुलिस ड्रोन कैमरों की मदद से भी निगरानी कर रही है।

## शीतलदास की बगिया में खड़ी थी एक्टिवा, सोशल मीडिया से हुई मृतक की पहचान

# बड़े तालाब में सेल्फी पाइंट के पास मिली युवक की लाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। बड़े तालाब में सेल्फी पाइंट के पास सोमवार दोपहर एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। गोताखोरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बाहर निकलवाकर पीएम के लिए भेज दी। पुलिस ने मृतक का हुलिया सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस दौरान मृतक की गांधी नगर में रहने वाले एक परिवार ने मृतक की पहचान कर ली। श्यामला हिल्स पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार नगर निगम फायर ब्रिगेड के गोताखोर शेख आसिफ और मधुकर सिंह ने पुलिस को सूचना दी थी कि सेल्फी पाइंट के पास तालाब में किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। आसिफ और मधुकर की मदद से शव बाहर निकाला गया। मृतक की तलाशी लेने पर ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने शव मचूर्री भेज दिया था। पुलिस सोशल मीडिया पर मृतक का हुलिया भेजकर उसकी पहचान कर रही थी। इसी गांधी नगर के महर्षि पतंजलि परिसर बीडीए निवासी मदन लाल मल्होत्रा ने पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने उन्हें मचूर्री बुलवाया। शाम करीब पांच बजे के आसपास वे मचूर्री पहुंचे और मृतक की शिनाख्त अपने 38 साल के बेटे चिराग मल्होत्रा के रूप में कर ली।



फाइल फोटो

### दो दिन पुराना है शव

मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल हीरेश पांडे ने बताया कि शव करीब दो दिन पुराना नजर आ रहा है। चिराग के पिता मदन लाल मल्होत्रा और उसकी बहन मचूर्री पहुंचे थे। दोनों ने चिराग की लाश देखी तो वह बेसुध हो गए। वह कुछ कहने की स्थिति में नहीं थे। शाम होने के कारण पीएम नहीं कराया गया है। मंगलवार को चिराग का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। साथ ही उनसे पूछताछ की जाएगी।

## आरजीपीवी घोटाला

# पूर्व वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा ने किया सरेंडर

### कोर्ट ने 25 तक पुलिस रिमांड में भेजा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ( आरजीपीवी ) के 19.48 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में पूर्व कुलपति की गिरफ्तारी के बाद लंबे समय से फरार चल रहे पूर्व वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा ने सरेंडर कर दिया है। वह सोमवार को अपने अधिवक्ता के साथ विशेष न्यायाधीश रपी मिश्रा की अदालत में पहुंचे और सरेंडर किया। वर्मा के अदालत में सरेंडर की खबर मिलने पर एसआईटी के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी गांधी नगर पुलिस के साथ न्यायालय पहुंचे। न्यायालय में पुलिस की ओर से वर्मा की प्रकरण में सक्रिय भूमिका का हवाला देते हुए उससे पूछताछ करने के लिए 25 अप्रैल तक पुलिस रिमांड की मांग की गई, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने वर्मा को 25 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

## एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा ने घर में लगाई फांसी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

खजूरी सड़क क्षेत्र में चिरायु मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शिक्षक पिता बेटी को डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन बेटी के एक गलत कदम से उनका सपना अधूरा ही रह गया। रानी के पिता देवी सिंह शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को ही बेटी से वीडियोकॉल पर बात हुई थी, तब भी कोई परेशानी नहीं बताई। उसके चेहरे पर भी किसी तरह की परेशानी दिखाई नहीं दे रही थी। उसने यह कदम क्यों उठाया, समझ से परे है। वह ग्राम ढसलगांव, झिरन्या, खरगौन की रहने वाली थी और चिरायु मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई करने के साथ ही वहीं हॉस्टल में रहती थी। नवंबर 2023 में उसने एडमिशन लिया था। खजूरी सड़क पुलिस ने बताया कि रानी मोरे पिता देवी सिंह मोरे 21 वर्ष चिरायु मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा थी और हॉस्टल के रूम न 14 में रहती थी। हॉस्टल के कमरे में उसका शव सुबह 11.30 बजे लटकता देख पुलिस को सूचना दी गई।

## वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गांधी मार्केट में एक वृद्ध को बाइक ने टक्कर मार दी। सिर व नाक में आई गंभीर चोट के बाद उन्हें इलाज के लिए एस ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया किमोहन नायर सोनागिरी क्षेत्र में रहते थे। गांधी मार्केट के साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने गए थे। थाने के पास सड़क पार कर दूसरी ओर जा रहे थे, तभी बाइक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वे जमीन पर गिए गए। टक्कर मारने वाला उनको नाजुक हालत में अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

## डिप्रेशन में जीएसटी कर्मचारी ने लगाई फांसी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार थाना क्षेत्र स्थित सांईनाथ नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि करीब दस साल से वह डिप्रेशन में था और उसका इलाज मनौचिकित्सक के पास करा रहे थे। पुलिस के अनुसार रोहित सिंह पिता देवीगुलाम सिंह ( 38 ) सांई नाथ नगर कोलार में रहता था और जीएसटी में नौकरी करता था। उसकी पत्नी उसे काफी समय पहले छोड़कर जा चुकी है। इसी के चलते वह डिप्रेशन में रहने लगा था। परिजन ने बताया कि रोहित अधिकतर समय अपने कमरे में ही रहता था। कल सुबह भी वह अपने कमरे में था और उसने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

**मेट्रो एंकर** | महाराष्ट्र का रहने वाला है मृतक युवक

# सुभाष नगर में चलती ट्रेन से गिरा युवक, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग स्थित सुभाष नगर फाटक पर बीती रात एक युवक चलती ट्रेन से गिर गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली तो उसके पास से पर्स और अन्य दस्तावेज मिले थे। दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने उसकी शिनाख्त करते हुए परिजन से संपर्क कर लिया है। मृतक महाराष्ट्र का रहने वाला है और उसके परिजन भोपाल के लिए रवाना हो गए है। पुलिस के अनुसार बीती रात करीब 12 बजे के आसपास सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति सुभाष नगर रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो उक्त व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से पर्स मिला था। पर्स में मिले दस्तावेज से उसकी पहचान समाधान पिता कृष्णत सिंधे ( 40 ) काल गांव, सतारा, महाराष्ट के रूप में कर ली गई। मृतक किस ट्रेन से गिरा और कहां से जा रहा था। यह परिजन से पूछताछ के बाद ही पता चल सकेगा।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत



मिसरोद रेलवे लाइन के पास सोमवार सुबह अज्ञात युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। युवक का सिर बुरी तरह से पिचक गया है। चेहर भी काफी बिगड़ गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि चलती ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हुई है। युवक नए कपड़े पहना था। मर्ग कायम कर शिना ती के प्रयास किए जा रहे हैं। मिसरोद पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब साड़े 9 बजे स्टेशन मास्टर ने सूचना दी थी कि रेलवे लाइन मिसरोद पर किसी युवक की लाश पड़ी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। करीब 20 से 25 साल के अज्ञात युवक का शव पटरी किनारे पड़ा मिला। उसके सिर पूरी तरह से पिचक गया था। चेहरा भी काफी हद तक खराब हो गया है। लाश की स्थिति को देखकर प्रतीत हो रहा है कि युवक चलती ट्रेन से गिरा है। उसकी पीठ व शरीर के अन्य हिस्सों पर घिसटने के निशान हैं। एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक की जेब से कोई सामान, नगदी अथवा पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला है। वह मजदूर वर्ग का लग रहा है। शरीर पर पूरी तरह से नए कपड़े थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि नए कपड़े पहनकर युवक किसी शादी अथवा अन्य किसी कार्यक्रम में जा रहा होगा। शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022